

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | sabsetejprj2023@gmail.com | शुक्रवार, 20 फरवरी 2026 | वर्ष: 03, अंक: 344 पृष्ठ: 08, मूल्य: 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# डीपफेक रोकने के लिए एआई कंटेंट पर लेबल लगे: मोदी

## पीएम मोदी ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट का किया उद्घाटन, वैष्णव ने की नई दिल्ली फ्रंटियर एआई इम्पैक्ट प्रतिबद्धताओं की घोषणा

**नई दिल्ली/एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट का उद्घाटन करते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता का भविष्य पारदर्शिता, जवाबदेही और मानव-हित पर आधारित होना चाहिए। एआई कुछ देशों या कंपनियों का साधन नहीं बने, बल्कि यह सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय का माध्यम बने। प्रधानमंत्री ने एआई के लिए मानव विजन पेश करते हुए कहा कि अवसरों के साथ जोखिम भी हैं, इसलिए इसे मानव-केंद्रित और जिम्मेदार तरीके से विकसित करना जरूरी है। इस मौके पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, वैश्विक तकनीकी कंपनियों के प्रमुख और उद्योग जगत के दिग्गज मौजूद रहे। सम्मेलन के दौरान नई दिल्ली फ्रंटियर एआई इम्पैक्ट प्रतिबद्धताओं की घोषणा की गई, जिसका उद्देश्य एआई को समावेशी, बहुभाषी और वैश्विक विकास का साधन बनाना है। प्रधानमंत्री ने डीप फेक जैसी चुनौतियों का जिक्र किया और कहा कि जैसे खाने की चीजों पर लेबल लगता है कि उसमें क्या है, वैसे ही डिजिटल कंटेंट पर भी लेबलिंग जरूरी है ताकि लोग सच-झूठ पहचान सकें। इसकी स्पीड और स्केल इतनी बड़ी है कि इसके अच्छे और बुरे दोनों प्रभाव हो सकते हैं। इसलिए सावधानी बरतनी होगी। एआई को खुली छूट मिलनी चाहिए, लेकिन कमान हमारे हाथ में होनी चाहिए । विकासशील देशों के लिए एआई को लोकतांत्रिक बनाना जरूरी है। मनुष्यों को सिर्फ डेटा का स्रोत नहीं बनने देना चाहिए, बल्कि एआई को सशक्तिकरण का माध्यम बनाना होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया में दो तरह के लोग हैं। कुछ एआई से डरते हैं, कुछ इसमें भाग्य देखते हैं। भारत गर्व से कहता है कि हमें एआई में भय नहीं, भाग्य और भविष्य दिखता है।




### भारत सेमीकंडक्टर चिप मैन्युफैक्चरिंग में मजबूत इकोसिस्टम बना रहा

भारत सेमीकंडक्टर चिप मैन्युफैक्चरिंग, क्वांटम कंप्यूटिंग तक मजबूत इकोसिस्टम बना रहा है। सुरक्षित डेटा सेंटर, मजबूत आईटी ढांचा और डायनामिक स्टार्टअप कल्चर भारत को किफायती, स्केलेबल और सुरक्षित एआई का हब बना सकता है। भारत की विविधता, युवा आबादी और लोकतंत्र इसे खास बनाते हैं। यहां सफल एआई मॉडल पूरी दुनिया में काम कर सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जैसे स्कूल का सिलेबस बच्चों के लिए सुरक्षित और परिवार के मार्गदर्शन में होता है, वैसे ही एआई भी बच्चों के लिए सुरक्षित होनी चाहिए।

### मोदी, वैश्विक नेताओं और दुनिया के शीर्ष सीईओ का सामूहिक यादगार चित्र

**भारत** मंडपम में आयोजित इंडिया एआई शिखर सम्मेलन में जुटे वैश्विक नेताओं और शीर्ष सीईओ के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने एक यादगार सामूहिक चित्र लिया। इसमें प्रधानमंत्री मोदी के साथ शामिल प्रमुख विश्व नेता थेः फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा, भूटान के प्रधानमंत्री त्शेरिंग तोबगे, अबू धाबी के क्राउन प्रिंस एचएच शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान, श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके, नीदरलैंड के प्रधानमंत्री डिक शूफ, हेलेनिक प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोटाकिस, स्विट्ज़रलैंड के राष्ट्रपति गाइ पार्मेलिन, फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेटेरी ओरपो और एस्टोनिया के राष्ट्रपति एलार कारिस।



### मोदी ने अबूधाबी के क्राउन प्रिंस से की मुलाकात

**नई दिल्ली/एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ गुरुवार को द्विपक्षीय सहयोग पर बातचीत की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत और संयुक्त अरब अमीरात के द्विपक्षीय रिश्तों पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि इस मुलाकात में दोनों नेताओं ने भारत-यूएई के ऐतिहासिक संबंधों को याद किया और विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। साथ ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर भी चर्चा की गई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि भारत और यूएई भरोसेमंद साझेदार हैं और उन्नत तकनीक, खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में मिलकर काम कर रहे हैं।




### 'एआइ को मानवता के लाभ के लिए सार्वभौमिक उपकरण बनाना आवश्यक'

**विदेश** मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि भारत और यूएई भरोसेमंद साझेदार हैं और उन्नत तकनीक, खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में मिलकर काम कर रहे हैं।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि क्राउन प्रिंस का एआई इम्पैक्ट समिट में स्वागत है और भारत-यूएई मिलकर बेहतर और साझा भविष्य के लिए एआई को आगे बढ़ा रहे हैं।

**क्या है इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट ?**

यह सम्मेलन राजधानी में 20 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। भारत एआई प्रभाव शिखर सम्मेलन 2026 वैश्विक दक्षिण में आयोजित होने वाला पहला वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन है। इसका उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बदलती और प्रभावशाली भूमिका पर चर्चा करना है।

# गगनयान मिशन के ड्रोग पैराशूट का क्वालिफिकेशन टेस्ट सफल

**नई दिल्ली/चंडीगढ़/एजेंसी**

भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान के लिए ड्रोग पैराशूट का क्वालिफिकेशन लेवल लोड टेस्ट सफलतापूर्वक पूरा हुआ। क्वालिफिकेशन लेवल टेस्ट में अधिकतम उड़ान भार से ज्यादा लोड डालकर पैराशूट की मजबूती और सुरक्षा मार्जिन की जांच की गई। इस टेस्ट के बाद पक्का हुआ कि भारत मजबूत और बड़ी क्षमता वाले रिबन पैराशूट को डिजाइन और बनाने में पूरी तरह सक्षम है। साथ ही पैराशूट असली मिशन जैसी परिस्थितियों में भी सुरक्षित और ठीक तरह से काम करेगा।गगनयान मिशन में अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाने के लिए ड्रोग पैराशूट बहुत जरूरी है। जब कैप्सूल पृथ्वी के वातावरण में लौटता है, तो यही पैराशूट उसकी तेज गति को कम करने में मदद करता है।






# डीएम ने ग्राम चैपाल लगाकर, सुनी ग्रामवासियों की समस्याएं

**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने आज "गॉव की समस्या, गॉव में समाधान" के तहत विकास खण्ड मूरतगंज की ग्राम-रसूलपुर बदले में ग्राम चैपाल लगाकर ग्रामवासियों की समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने जिला उद्यान अधिकारी को ग्राम के विद्यालय में 19 पैरामीटर के अन्तर्गत कराए गए कार्यों, निपुण तालिका, साफ-सफाई एवं डी.बी.टी. आदि का सत्यापन कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम के लाभार्थियों से पुष्टाहार मिलने, पेंशन, शौचालय का लाभ मिलने, राशन मिलने, कन्या सुमंगला योजना एवं आवास आदि योजनाओं से लाभान्वित होने की जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि छूटे हुए सभी पात्र लोगों को शीघ्र लाभान्वित कर दिया जाय। उन्होंने ग्रामवासियों से पूँछा कि अध्यापक समय से विद्यालय आते हैं या नहीं, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, ठीक प्रकार से शिक्षण कार्य करते हैं कि नहीं, जिस पर ग्रामवासियो ने बताया कि अध्यापक विद्यालय समय से आते हैं एवं ठीक प्रकार से शिक्षण कार्य भी करते हैं। उन्होंने ग्रामवासियों से गांव के सबसे नजदीक स्थित सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की, जिस पर ग्रामवासियों ने बताया कि अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही है।

जिलाधिकारी ने आगनबाड़ी कार्यकत्रियो से




लाभार्थियो को पुष्टाहार वितरण की स्थिति एवं आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों की उपस्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए सी.डी.पी.ओ. से कहा कि जिन आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चो की उपस्थिति कम है, उन आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ ही बच्चों की उपस्थिति और बढ़ाई जाय। उन्होंने ग्रामवासियो से नजदीकी पशु चिकित्सालय में उपलब्ध सुविधाओ की जानकारी प्राप्त करते हुए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से कहा कि पशुओं का टीकाकरण कराया जाय। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियो-सुरेन्द्र कुमार, गीता देवी, मन्त्रा देवी व दीपक कुमार आदि को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया। इसके साथ ही उन्होंने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व बच्चों को अन्नप्राशन भी कराया।

ग्राम चैपाल में ग्रामवासियों ने बताया कि गर्मी के दिनों में विद्युत की कटौती होती है, जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत ने कहा कि निर्धारित समयावधि तक विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किया जाय तथा ट्रान्सफार्मर खराब होने की शिकायत प्राप्त होने पर निर्धारित समय पर बदलवा दिया जाय। ग्रामवासियों ने बताया कि 02 विद्युत के खम्भे टूटे हैं, जिसे अभी तक बदला नहीं गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को खम्भे बदलवाने के निर्देश दिए। ग्रामवासियों ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मन्दिर में सी.एच.ओ. नहीं मिलते हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने सी.एच.ओ. से कहा कि ठीक प्रकार से कार्य किया जाय, पुनः शिकायत प्राप्त होने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि सी.एच.ओ. द्वारा प्रतिदिन किए जा रहें कार्यों की मॉनीटरिंग करें। मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने ग्रामवासियों से कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत कराए गए सर्वे में ग्राम में 103 लोग पात्र पाए गए हैं, जिनको आवास निर्माण के लिए मार्च माह के बाद धनराशि मिलना शुरू हो जाएगा। ग्राम चैपाल में मुख्य चिकित्साधिकारी एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने ग्रामवासियों को विभागीय योजनाओं/कार्यक्रमों की जानकारी देकर लाभ उठाने की अपील की।

## संदीपनघाट पुलिस द्वारा दुष्कर्म करने वाले वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**




**कौशांबी ।** तीन दिन पहले को थाना संदीपनघाट पर प्रार्थिनी/पीड़िता द्वारा सूचना दी गयी कि दिनांक 21.11.2025 व 12.02.2026 को अभियुक्त अभय जबरन मेरे कमरे में घुस आया और मेरे साथ मार-पीट कर गतल काम किया गया तथा अश्लील वीडियो भी बना लिया । वीडियो वायरल करने की धमकी देकर मेरे साथ कई बार गलत काम किया । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना संदीपनघाट में तत्काल सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया । उपरोक्त क्रम में गुरुवार को थाना संदीपनघाट पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मुखबिर खास की सूचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त आदित्य उर्फ अभय पुत्र स्व0 दिनेश कुमार निवासी ग्राम नटका थाना चरवा जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया ।

## 24 घंटे बाद तमंचे में युवक का चालान

**सबसे तेज प्रयागराज**




**कौशांबी।** एसपी राजेश कुमार के निर्देश पर जनपद में आपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस टीम द्वारा देर को गस्त/चेकिंग की जा रही थी, कि इसी दौरान मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर अभियुक्त अनुराग उर्फ अन्नू पुत्र रामसुमिरन निवासी दिया उपहार थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी को लाला के पुरवा तिराहा के पास एक अवैध तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद होने पर गिरफ्तार किया गया ।

## मानवता की मिसाल पेश करने वाले पुलिस कर्मियों को पुलिस अधीक्षक ने किया सम्मानित





**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा के दौरान शहजादपुर स्थित रणजीत पंडित इंटर कॉलेज में ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल रामसिंह एवं कांस्टेबल रवी कुमार ने संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

मुख्य द्वार पर एक दिव्यांग परीक्षार्थी को शारीरिक असुविधा के कारण परीक्षा कक्ष तक पहुंचने में कठिनाई हो रही थी। स्थिति को समझते हुए दोनों पुलिसकर्मियों ने बिना देर किए उसे अपनी बाहों में उठाकर परीक्षा कक्ष तक पहुंचाया, जिससे वह समय से परीक्षा में शामिल हो सका।

इस मानवीय एवं सराहनीय कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार द्वारा दोनों आरक्षियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया और कहा कि इनके द्वारा किया गया कार्य अन्य लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा।

# शमीम हत्या का 12 घंटे के अंदर खुलासा, हत्या अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बुलंदशहर।** मंगलवार की रात्रि को थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत ट्रांसपोर्ट नगर में एक निमार्णाधीन मकान से शमीम अहमद पुत्र हबीब निवासी ग्राम कमालपुर थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर का शव मिला था। मृतक के पुत्र की तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली देहात पर मुअसं-104/2026 धारा 103(1) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर, दिनेश कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में गुरुवार को थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा घटना में संलिप्त



अभियुक्त सोहेल को ग्राम गिनौरा शेख जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया हैं।

अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली देहात पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है ।

गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया कि वह दिनांक 17.02.2026 की रात 10.00 बजे मृतक शमीम के सैलून पर बाल कटवाने गया था इसके बाद मृतक शमीम ने उससे कहा कि वह आज उसके पास ही सोएगा। उसके बाद अभियुक्त व मृतक शमीम ने साथ मिलकर निमार्णाधीन मकान में शराब पी थी। मृतक शमीम अहमद ने अभियुक्त के साथ शराब के नशे में गलत काम कराने का प्रयास किया, जिसका अभियुक्त ने विरोध किया तो मृतक शमीम द्वारा गाली गलौज की गई, जिससे नाराज होकर अभियुक्त ने पास में पडी ईंट की पटिया से शमीम के सर पर वार कर उसकी हत्या कर दी तथा हत्या करने के बाद अभियुक्त, मृतक शमीम का फोन लेकर गेट के उपर से कूद कर भाग गया।

## कप्तान ने निमार्णाधीन साइबर थाने का किया निरीक्षण, समय पर निर्माण पूरा करने का दिया निर्देश





**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी ।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार द्वारा कस्बा मंझनपुर के नेतानगर में निमार्णाधीन साइबर थाने का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की गुणवत्ता, प्रगति एवं निर्धारित समय-सीमा के संबंध में विस्तृत जानकारी ली गई तथा कार्यदायी संस्था को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

उक्त साइबर थाना जनपद कौशाम्बी का निर्माण कार्य कार्यदायी संस्था उ&उ्र द्वारा कराया जा रहा है, पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराया जाए, जिससे जनपद में साइबर अपराधों की रोकथाम एवं त्वरित कार्यवाही और अधिक प्रभावी ढंग से की जा सके।

# लखनऊ में विधानसभा घेराव में हुए लाठी चार्ज के विरोध में गरजे कांग्रेसी सौंपा ज्ञापन

**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी ।** मंझनपुर स्थित जिलाधिकारी मुख्यालय पर विगत 17 फरवरी को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में हुए विधानसभा घेराव कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष सहित सहित कई कार्यकताओं के ऊपर लाठी चार्ज करने के विरोध में जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय के नेतृत्व में कौशाम्बी कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने धरना प्रदर्शन के जरिए विरोध प्रदर्शन दर्ज कराया इसके बाद जिलाधिकारी के द्वारा राज्यपाल महोदय को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा इस दौरान जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि जिस तरह में हमारे अध्यक्ष अजय राय जी के साथ पुलिसिया बर्बता हुई उसके खिलाफ आज हम कांग्रेसजनों ने धरना के माध्यम से प्रशासन और सरकार को चेताया कि हमारे नेता जनता की अधिकार की लड़ाई लड़ रहे थे हम सभी उनके नेतृत्व में गरीबों मजदूरों



और मध्यम वर्ग, बेरोजगारी,महंगाई,आदि मुद्दों को लेकर शांति पूर्ण तरीके से अपना विरोध दर्ज कराने के लिए विधानसभा का घेराव करने जा रहे थे लेकिन इस तानाशाह भाजपा सरकार के इशारे पर हमारे नेताओं एवं कार्यकताओं के साथ पुलिसकर्मी के द्वारा लाठी से पीट कर उन्हें घायल किया गया ! इसके बाद पूर्व प्रदेश सचिव रामबहादुर त्रिपाठी ने कहा कि 17 फरवरी को विधानसभा घेराव में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सहित शीर्ष के नेताओं व कार्यकताओं के साथ पुलिस द्वारा लाठी चार्ज करना दुर्भाग्यपूर्ण है क्या लोकतंत्र में गलत चीजों का विरोध करना गलत है मनरेगा योजना भाजपा सरकार खत्म करना चाहती है यह योजना गरीबों की ताकत है इसके बाद आसिफ अल्वी ने बताया कि भाजपा सरकार को गरीबों की हितकारी योजनाओं को समाप्त करना चाहती है मनरेगा जोकि प्रमुख योजना है इससे गरीबों का उद्धार होता था लेकिन वर्तमान सरकार इस योजना का नाम बदलकर इसे समाप्त करना चाहती है हम अपने नेताओं के नेतृत्व में इसी प्रकार से गरीबों के अधिकार की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ेंगे।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष दीपक पाण्डेय बाबू जी,रामसूरत रैदास,जिला महासचिव सुरेन्द्र शुक्ला,श्याम सिंह भदौरिया,संतोष शुक्ला,शशि त्रिपाठी, रवि नारायण तिवारी,शशि मिश्रा,ब्लाक अध्यक्ष सिराथू रामप्रकाश पंडा,ब्लाक अध्यक्ष नेवादा रावेंद्र यादव,सोसल मीडिया जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय,नगर अध्यक्ष चरवा निक्की पाण्डेय, नगर अध्यक्ष मंझनपुर संगीता कोरी, कार्यालय प्रभारी हेमन्त रावत, नोखे लाल यादव, रमेश यादव,पुष्पेंद्र यादव (छोटू),विभा देवी,बिफई लाल,इंद्रपाल गौतम,शिवलेश मिश्रा,प्रदीप पटेल,मन्नी लाल,सुरेंद्र सरोज,राहुल यादव,राम जी सेन,सहित दर्जनों कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एसपी द्वारा फरियादियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु ऑनलाइन किया संवाद

**सबसे तेज प्रयागराज**



**कौशांबी।** जनपद कौशाम्बी में फरियादियों की समस्याओं के त्वरित, प्रभावी एवं पारदर्शी निस्तारण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार द्वारा एक अभिनव एवं सराहनीय पहल की जा रही है।

इसी क्रम में जनपद के विभिन्न थानों पर उपस्थित फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं के संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों से ऑनलाइन माध्यम से संवाद स्थापित किया जा रहा है।

इस ऑनलाइन संवाद के दौरान फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना जा रहा है तथा प्रत्येक प्रकरण का वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए जा रहे हैं।

पुलिस अधीक्षक द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण नियमानुसार एवं पारदर्शी प्रक्रिया के तहत हो, ताकि फरियादियों को अनावश्यक रूप से बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें तथा उन्हें समय पर न्याय मिल सके।

यह पहल जनपद में पुलिस-जन संवाद को सुदृढ़ करने एवं जनता के विश्वास को और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## दो वांछित अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**




**फतेहपुर ।** पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देश पर बुधवार को थाना खागा पुलिस द्वारा चोरी से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अजय पुत्र मलखाल निवासी ग्राम पलवा मजरे संवत थाना खागा जनपद फतेहपुर उम्र करीब 29 वर्ष, दिनेश पुत्र रघुवीर निवासी ग्राम सवनियापुर थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर उम्र करीब 46 वर्ष को गिरफ्तार कर गुरुवार को मा0 न्यायालय भेजा गया ।

# झूंसी में गरजा पीडीए का बुलडोजर 19 बीघा अवैध प्लाटिंग ध्वस्त

**राम सिंह यादव**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**झूंसी,प्रयागराज।** पीडीए (प्रयागराज विकास प्राधिकरण) ने अवैध प्लाटिंग और निर्माण के खिलाफ झूंसी क्षेत्र में व्यापक ध्वस्तीकरण अभियान चलाया। यह कार्रवाई जोन 05 के तहत उप जोन 5 ए और 5 बी में जोनल अधिकारी के नेतृत्व में की गई। अभियान के दौरान करीब 19 बीघा जमीन पर की गई अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। इस दौरान बड़ी तादाद में पुलिस बल तैनात रहा। पीडीए की ध्वस्तीकरण टीम ने सबसे पहले सराय इनायत क्षेत्र सरफुद्दीनपुर में करीब तीन बीघा जमीन पर की गई प्लाटिंग को ध्वस्त



किया। यहां जीटी रोड से प्लाटिंग स्थल तक करीब 40 फीट चौड़ी सड़क मनमानी तरीके से बना ली गई थी। इस अवैध सड़क को भी जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया। इसके बाद झूंसी की बरियारी ग्राम पंचायत में भी करीब तीन बीघा में कर ली गई अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चला। इसके अलावा मलावा बुजुर्ग झांसी में करीब चार बीघा और उसके बगल स्थित छह बीघा जमीन पर ध्वस्तीकरण कार्रवाई की गई। पीडीए अधिकारियों के अनुसार, बगैर स्वीकृत नक्शा और ले -आउट के भूखंड विकसित किए जा रहे थे। प्राधिकरण ने बताया कि संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ थाने में एफआईआर के लिए तहरीर दी जाएगी।

## अमर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस बल के साथ किया पैदल गस्त

**सबसे तेज प्रयागराज**



**फतेहपुर ।** अपर पुलिस अधीक्षक फतेहपुर द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु पर्याप्त पुलिस बल के थाना थरियांव क्षेत्रान्तर्गत पैदल गस्त किया गया तथा संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चेकिंग कर आमजनमानस को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया।

इसी क्रम में जनपद के क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा भारी पुलिस बल के साथ अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त कर संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चेकिंग करते हुए आमजनमानस को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया।

## एडीजी जोन ने फतेहपुर जनपद का किया निरीक्षण, कानून व्यवस्था को लेकर की समीक्षा

**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**



**फतेहपुर।** गुरुवार को अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज, जोन प्रयागराज ज्योति नारायण के पुलिस लाइन फतेहपुर आगमन पर रिजर्व पुलिस लाइन में गार्द द्वारा सलामी दी गई। तदोपरान्त अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अनूप कुमार सिंह के साथ गेस्ट हाउस रिजर्व पुलिस लाइन में बीट के आरक्षियों से यक्ष ऐप के संबंध में विस्तृत गोष्ठी/ समीक्षा बैठक की गई और फीडबैक लिया गया। साथ ही जनपद के राजपत्रित अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था एवं अपराध पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक महेन्द्र पाल सिंह एवं समस्त क्षेत्राधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मोबाइल चोर को जीआरपी पुलिस ने दबोचा

**सबसे तेज प्रयागराज**



**प्रयागराज ।** अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे , पुलिस महानिरीक्षक रेलवे प्रयागराज, पुलिस अधीक्षक रेलवे प्रयागराज द्वारा रेलवे स्टेशन, सकुर्लेटिंग एरिया एवं ट्रेनो में बढ़ती चोरी/छिनैती की घटनाओं की रोकथाम, अवैध तस्करी एवं अपराधियों की गिरफ्तारी व बरामदगी के मद्देनजर चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी रेलवे प्रयागराज अरूण कुमार पाठक के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक अकलेश कुमार सिंह थाना जीआरपी प्रयागराज के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 प्रवीण कुमार दुबे मय पुलिस टीम के रेलवे स्टेशन प्रयागराज के प्लेटफार्म नं0 01 दिल्ली एठऊसे 100 कदम आगे कालोनी गेट के पास से समय 12.20 बजे शातिर अभ्यस्त अभियुक्त किशन चौहान उपरोक्त के कब्जे से मु0अ0सं0 423/25 धारा 305 (उ), 317(2) इठर से सम्बन्धित चोरी की एक अदद मोबाइल बरामद किया।

# साइबर ठगी के शिकार पीड़ितों को साढ़े चार लाख रुपए की धनराशि पुनः उनके बैंक खातों में वापस कराया गया

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर के कुशल निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी अपराध के निकट पर्यवेक्षण में एनसीआरपी पोर्टल एवं पीड़ितों द्वारा दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र की जाँच के अनुक्रम में साइबर क्राइम पुलिस थाना जनपद फतेहपुर टीम द्वारा सार्थक प्रयास करते हुये शिकायतकताओं की धनराशि उनके खाते में पुनः वापस कराया गया।

शिकायतकताओं द्वारा जनपदीय उच्चाधिकारियों व साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम का आभार व्यक्त किया।

आवेदक संजय सिंह पुत्र श्रीकृष्ण सिंह निवासी बकेवर थाना बकेवर जनपद फतेहपुर को कॉल कर उनके बिना जानकारी के कुल 4,34,000/- रुपए की धनराशि आनलाइन ट्रांसफर किया गया था।

आवेदक द्वारा अपने साथ साइबर फ्राड की जानकारी होने पर तत्काल एनसीआरपी पोर्टल







पर शिकायत दर्ज करायी गयी थी, एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज शिकायत पर जन0 साइबर सेल व साइबर हेल्पडेस्क थाना बकेवर टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये मा0न्यायालय के आदेश के क्रम में सम्बन्धित लाभार्थी खाताधारक की तस्दीक व सम्बन्धित बैंक से पत्राचार कर समन्वय स्थपित करते हुये सम्पूर्ण धनराशि 4,34,000 /- रुपए को आवेदक के बैंक खातें में सकुशल वापस करा दी गई।

आवेदक विकास राज सोनकर निवासी महाजनी गली थाना बिन्दकी जनपद फतेहपुर को कॉल कर उसका रिश्तेदार बनकर खाते से कुल 10,000/- रुपए की धनराशि आनलाइन ट्रांसफर किया गया था।

आवेदक द्वारा अपने साथ साइबर फ्राड की जानकारी होने पर तत्काल एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज करायी गयी थी, एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज शिकायत पर जन0 साइबर सेल व साइबर हेल्पडेस्क थाना बिन्दकी टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये मा0न्यायालय के आदेश के क्रम में सम्बन्धित लाभार्थी खाताधारक की तस्दीक व सम्बन्धित बैंक से पत्राचार कर समन्वय स्थपित करते हुये सम्पूर्ण धनराशि 10,000 /- रुपए को आवेदक के बैंक खातें में सकुशल वापस करा दी गई।

# घर के सफल होने के लिए घर की महिला का सफल होना अनिवार्य – डॉ.मनमोहन वैद्य

## गंगानाथ झा परिसर में तरुणी विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम में हुई महत्वपूर्ण चर्चा

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भारतीय ज्ञान परम्परा केन्द्र, गङ्गानाथ झा परिसर प्रयागराज, एवं राजेन्द्र सिंह (रज्जू भइया) स्मृति सेवा न्यास के संयुक्त तत्त्वावधान में तरुणी विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम में शिक्षा से सतत प्रक्रिया, भारतीयता की पहचान को मजबूती से बनाए रखने पर जोर दिया गया। गुरुवार को गंगानाथ झा परिसरीय सभागार में सम्पन्न हुए कार्यक्रम में काफी विस्तार से चर्चा की गई। संवाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वक्ता नागपुर से आये न्यूक्लियर रसायन के मर्मज्ञ आरएसएस के पूर्व सह-सहकार्यवाह एवं पूर्व अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख रहे तथा वर्तमान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. मनमोहन वैद्य ने अपनी पुस्तक "ही ल्ल्ि ३ँ हङ्ग१'ि अ१ङ्ग४ल्ल्ि" के सन्दर्भ में देश के विषय में सारगर्भित चर्चा की। प्रयागराज के विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं से संवाद करते हुए उन्होंने -भारत देश कैसा है एवं उसके विषय में किस प्रकार जानकारी प्राप्त की जा सकती है' सरीखे प्रश्नों के साथ चर्चा की शुरूआत की। अपने संवाद में उन्होंने समय के प्रबन्धन, समाज को जोड़ने हेतु सम्भव प्रयासों की विशेष चर्चा की। अपने भावपूर्ण वक्तव्य में उन्होंने सीखने की प्रवृत्ति को शिक्षा से पृथक एवं सतत प्रक्रिया बताते हुए भारतीयता की



पहचान को प्रबल बनाये रखने का आह्वान किया। डॉ. वैद्य ने जन्मतिथि को हिन्दी पंचांग के अनुसार मनाने का तार्किक पक्ष रखते हुए इस विषय में भी सार्थक चर्चा की। अपने संवाद के अन्तर्गत उन्होंने सामाजिक लीडरशिप पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर के निदेशक प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी ने की। कार्यक्रम का संयोजन परिसर के सहनिदेशक प्रो. देवदत्त सरोदे ने किया। परीक्षा के इस कठिन समय में विद्यार्थियों के साथ होने वाले संवाद में परिसर के निदेशक प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी ने विद्यार्थियों के सम्मुख लक्ष्य निर्धारित करते हुए अध्ययन की सलाह दी। कार्यक्रम में राजेन्द्र सिंह (रज्जू भइया) समृति न्यास की ओर से अनेकों विद्वतजन सम्मिलित रहे। तरुणी विद्यार्थी संवाद के उपरान्त परिसर में गंगानाथ झा परिसर एवं राजेन्द्र सिंह (रज्जू भइया) समृति न्यास के संयुक्त तत्त्वावधान में शिक्षक संवाद कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रयागराज की विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के अनेक शिक्षक सम्मिलित रहे।

परिसर के जनसम्पर्क अधिकारी राजेश कान्त तिवारी के अनुसार, संवाद सत्र में प्रयागराज के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों, आदर्श विद्यालयों की छात्राओं ने अत्यन्त उपयोगी संवाद किया। कार्यक्रम में अनेकों शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं प्रबुद्धजन सम्मिलित रहे। इस अवसर पर प्रो.रामकृष्ण परमहंस, डॉ. सुरेश पाण्डेय, डॉ. श्यामसुन्दर पाण्डेय, राजेश कान्त तिवारी समेत परिसरीय अन्य अधिकारी, कर्मचारी तथा विभिन्न विद्यालयों से संवाद कार्यक्रम में भाग लेने आने वाले छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या उपस्थित रहे।

## रसूलाबाद घाट पर रात 10 :30 बजे किया गया छात्रा का अंतिम संस्कार

### सड़क पर जाम लगाने वालों पर होगी कार्रवाई

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बहरिया।** ट्रक से कुचलकर इंटर की छात्रा की मौत के मामले में 24 घंटे बाद भी ट्रक और चालक का पता न चलने पर परिजनों द्वारा बहरिया नहर चौराहे पर लगाया गया जाम ट्रक के पकड़े जाने पर रात करीब 8 बजे खत्म हुआ। छात्रा का अंतिम संस्कार रात्रि 10:30 बजे रसूलाबाद पर किया गया। इधर पुलिस सड़क पर जाम लगाने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की तैयारी कर रही है। पुलिस ने डेढ़ सौ लोगों को चिन्हित किया है।

उल्लेखनीय है कि सारायगनी निवासी शैलेश कुमार मौर्य की बेटी वैष्णवी मौर्या उर्फ अनुपम इंटर की छात्रा थी। मंगलवार को वह अपने फुफेरे भाई प्रदीप मौर्या के साथ परीक्षा केंद्र देखकर लौट रही थी। तभी सरायगनी गांव के सामने धमौर मोड़ पर अज्ञात ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। वैष्णवी सड़क पर गिर गई और ट्रक उसको कुचलता हुआ निकल गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रदीप भी बुरी तरह जख्मी हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने वैष्णवी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बुधवार को जब पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने वैष्णवी के शव को परिजनों को सौंपा तो परिजन आक्रोशित हो गए। 24 घंटे बाद भी ट्रक और चालक को न पकड़ने और मामले में लीपापोती का आरोप लगाते हुए परिजन ग्रामीणों के साथ बहरिया नहर चौराहे पर शव को रखकर जाम लगा दिया। मौके पर एसीपी फूलपुर विवेक यादव पहुंचे और समझाने का प्रयास किया लेकिन परिजन इस बात पर अड़े रहे कि जब तक ट्रक और चालक पकड़े नहीं जाते हैं तब तक जाम नहीं हटाया जाएगा। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे में मिले सुराग की मदद से ट्रक को फाफामऊ के गद्दोपुर से बरामद किया तब जाकर करीब रात 8 बजे परिजन अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए। रात करीब 10:30 बजे वैष्णवी के शव का अंतिम संस्कार रसूलाबाद घाट पर किया गया। इधर 5 घंटे तक सिकंदरा दादूपुर मार्ग पर जाम लगाकर मार्ग अवरुद्ध करने और माहौल बिगड़ाने के आरोप में पुलिस ने मौके से लिए गए वीडियो के आधार पर लोगों को चिन्हित कर रही है। थानाध्यक्ष बहरिया ब्रजेश सिंह ने बताया कि अब तक करीब डेढ़ सौ लोगों को चिन्हित किया जा चुका है। मामले में रिपोर्ट दर्ज कार्रवाई की जाएगी।

## हाईस्कूल, इण्टर में 27052 छात्रों ने छोडी परीक्षा

### प्रयागराज में 98 फीसदी छात्रों ने दी परीक्षा

**सबसे तेज प्रयागराज**



**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड के पहली पाली में हाईस्कूल में कम्प्यूटर और इण्टर मीडिएट में काष्ठ, शिल्प, ग्रंथ शिल्प, सिलाई शिल्प एवं व्यावसायिक वर्ग के विषय और दूसरी पाली में हाईस्कूल मे सिलाई और इंटर मे नागरिक शास्त्र विषय की परीक्षा हुई। दोनों पालियों में 27052 छात्रों ने आज परीक्षा छोड दी है। हाईस्कूल मे 4766 और इंटर में 22286 छात्रों ने परीक्षा छोड दी है,जबकि बोर्ड मुख्यालय प्रयागराज जनपद में 98 फीसदी छात्रों ने परीक्षा दी है। आजमगढ जिले में इण्टर की परीक्षा के दौरान एक नकलची पकडा गया है। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर स्थित सामान्य रही, कही कोई गडबडी की शिकायत नही मिली है।

प्रयागराज के डीआईओएस पीएन सिंह ने बताया कि आज की परीक्षा के दौरान दस्ते ने दो दर्जन से ज्यादा परीक्षा केन्द्रो का निरीक्षण किया। डीआईओएस पीएन सिंह ने दस्ते के साथ आधा दर्जन परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया जिसमे नैनी का सरस्वती बाल विधा मंदिर इंटर कालेज, करछना केजीआईसी मुंगारी,श्रृगिऋषी इंटर कालेज घटवा, शिव कुमारी शुक्ला इंटर कालेज घटवा था लेकिन परीक्षा के दौरान कोई गडबडी नही मिली।

## जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री योगी से कि मुलाकात

**सबसे तेज प्रयागराज**



**प्रयागराज**।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज से आज लखनऊ में फूलपुर विधायक दीपक पटेल, शहर उत्तरी विधायक हर्षवर्धन बाजपेयी विधायक करछना पीयूष रंजन निषाद,नगर निगम प्रयागराज के महापौर गणेश केशरवानी, एवं उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य सुरेन्द्र चौधरी ने शिष्टाचार मुलाकात की इस मौके पर माघ मेले से से लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई विधायक दीपक पटेल ने मुख्यमंत्री से जल्द शास्त्री ब्रिज के समानांतर एक नए पुल के निर्माण का कार्य व फूलपुर विधानसभा क्षेत्र के कछारी इलाकों में तटबंध बनाने का कार्य शुरू कराने की मांग की जिसपर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जल्द दोनों कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया।मीडिया प्रभारी विधायक फूलपुर दीपक पटेल उमेश तिवारी ने यह जानकारी दी है।

## चाँद की तस्दीक के साथ माहे रमजान शुरू

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर ।** मुदाय विशेष मुस्लिम बंधुओं के पवित्र इस्लामी महीने का आगाज बीती शाम चन्द्र दर्शन की तस्दीक होने के साथ ओलमाए किराम द्वारा तकरीबन हर शहर कस्बा में चन्द्र दर्शन की सूचना मस्जिदों से प्रसारित करने के साथ अपने लेटर पैड पर तस्दीकी चिट्ठी लिखकर सोशल मीडिया पर डालते ही कस्बों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक चन्द्र दर्शन की सूचना प्रसारित हो गई। इसी के साथ समुदाय विशेष के



लोगों ने रात के अन्तिम पहर में सेहरी खाने के साथ माहे रमजान की इब्तेदा कर दी।

हालांकि कई जनपदों से लेकर कस्बों तथा ग्रामीण अंचल तक देर रात तक उहापोह की स्थिति बनी रही परन्तु सोशल मीडिया का दौर होने के कारण देर रात तक हर जगह तस्दीक के चाँद हो गया और मुस्लिम बंधुओं ने अंतिम पहर में सेहरी खाने के साथ पहले रोजे की इब्तेदा की। मस्जिदों में रोजेदारों की भीड़ इकट्ठा होकर इबादतों के महीने का आगाज कर दिया।

माह भर चलने वाले इस माहे रमजान के तोहफे में ईश्वर की तरफ से समुदाय विशेष को गिफ्ट के रूप में ईश्वर की तरफ से ईद मुबारक का पवित्र त्योहार मिला जिसमें समुदाय विशेष नये-नये परिधानों में ईदगाह जाकर ईद की दो रकात नमाज अदा करते हैं और एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देते हैं और एक दूसरे के यहाँ सिवईं खाकर ईद का त्योहार मनाते हैं।

## माधव ज्ञान केंद्र में तीन दिवसीय क्षेत्रीय संगीत कार्यशाला का शुभारंभ

### संगीत कार्यशाला में आचार्य कर रहे सुर साधना

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** सरस्वती विद्या मंदिर माधव ज्ञान केंद्र नैनी, प्रयागराज में तीन दिवसीय क्षेत्रीय संगीत कार्यशाला का शुभारंभ प्रधानाचार्य अजय कुमार मिश्र के संयोजन में आज से हुआ। कार्यशाला में पूर्वी उप्र क्षेत्र के क्षेत्र संयोजक, सह क्षेत्र संयोजक, प्रांत संयोजक, नगरीय एवं ग्रामीण तथा सह प्रांत संयोजक नगरीय एवं ग्रामीण सहित 13 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं '

विद्यालय के मीडिया प्रभारी आचार्य संजय कुमार मिश्र ने बताया कि कार्यशाला का उद्घाटन अखिल भारतीय सह संगीत संयोजक एवं सह क्षेत्रीय संगठन मंत्री विद्या भारती पूर्वी



उप्र डॉ राम मनोहर एवं अखिल भारतीय संगीत संयोजक एवं देश के सुप्रसिद्ध ध्रुपद गायक विनोद कुमार द्विवेदी ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन से किया '

कार्यशाला के प्रथम दिन परिचयात्मक बैठक एवं आवश्यक दिशा निदेशों का रहा। औपचारिक रूप से द्वितीय दिवस में उद्घाटन के साथ - साथ प्रथम सत्र में वंदना सत्र में होने वाले प्रातः स्मरण एवं एकात्मता स्तोत्र के शुद्ध उच्चारण का अभ्यास डॉ राम मनोहर ने अखिल भारतीय स्तर पर चयनित "भारत की पावन माटी का तिलक लगाते हैं" (प्राथमिक), "राष्ट्र सेवा हित समर्पित हम करें सर्वस्व अर्पण" (माध्यमिक) एवं "वंदे भारतम वंदे भारतम सर्वे भवंतु सुखिनः" (संस्कृत) के गीतों का विनोद कुमार द्विवेदी ने स्वरों एवं तालों का महत्व समझाते हुए सभी प्रतिभागियों को अभ्यास कराया। कार्यशाला में आए हुए प्रतिभागियों एवं अतिथियों का स्वागत प्रधानाचार्य अजय कुमार मिश्र ने एवं परिचय तथा धन्यवाद ज्ञापन क्षेत्रीय संगीत संयोजक मनोज कुमार गुप्ता ने किया।

## संसाधनों की व्यवस्था से बदलता है शैक्षिक,भौतिक वातावरण : राजीव त्रिपाठी

### बैंक ने उच्च प्राथमिक विद्यालय का कराया मार्डनाइजेशन

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक की ओर से उच्च प्राथमिक विद्यालय कनिहार, विकास खण्ड बहादुरपुर प्रयागराज में विभिन्न कार्य कराए गये थे जिसमे रसोई घर, टॉयलेट एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई है। विद्यालय भवन की रंगाई- पुताई का कार्य कराया गया। बैंक की ओर से कराए गये कार्यों का लोकार्पण एवं नव निर्मित रसोई घर का उदघाटन जिला समन्वयक मध्यान्ह भोजन राजीव त्रिपाठी ने आज किया। मिड डे मील समन्वयक श्री त्रिपाठी ने उपस्थित बच्चों , अभिभावकों , विद्यालय



प्रबंध समिति के सदस्यों,माता समूह के सदस्यों, अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था हो जाने से विद्यालय का शैक्षिक व भौतिक वातावरण बदल रहा है। बच्चों की उपस्थिति पर इसका व्यापक असर पड़ेगा। श्री त्रिपाठी ने विद्यालय में विकसित किए गए किचेन गार्डन की तारीफ किया एवं उसमें उगाई गई सब्जियों के उपयोग मध्यान भोजन निर्माण में करते हुए बच्चों को अधिक पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने पर जोर दिया। श्री त्रिपाठी ने उज्जीवन बैंक की ओर से विद्यालय में कराए गये कार्य के प्रति बेसिक शिक्षा विभाग प्रयागराज की तरफ से आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम में जीरो रोड ब्रांच से मार्केटिंग मैनेजर मनीष कुमार, सीएसआर मैनेजर मोहित कुमार शर्मा एवं वैभव गुप्ता डिप्टी मैनेजर और बैंक के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे ' कार्यक्रम में विशेष सहयोग सहायक अध्यापिका श्रीमती माया द्विवेदी और शिक्षक राहुल कुमार गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती रेनू त्रिपाठी, सहायक अध्यापिकाएं श्रीमती नीतू सीमा ,कुसुम मिश्रा ,शैल कुमारी, संध्या कुमारी ,नीरज, हिमांशु आदि उपस्थित रहे।

## डीएम ने की नगर पालिका व नगर पंचायतों के निर्माण कार्यों एवं डूंडा के कार्यों की प्रगति की समीक्षा

**सबसे तेज प्रयागराज**




**कौशांबी ।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने आज उदयन सभागार में नगर पालिका परिषद/नगर पंचायतों के निर्माण कार्यों एवं डूंडा के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अन्तर्गत नगर-निकायों में कराए जा रहें कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान नगर पालिका परिषद भरवारी में निर्माण कार्य लम्बित पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए अधिशासी अधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों से कहा कि विद्यालयों में बाउण्ड्रीवाल, शौचालय एवं टाईलीकरण आदि कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराया जाय तथा विद्यालयों में प्रतिदिन साफ-सफाई कार्य सुनिश्चित किया जाय। नगर निकायों में साफ-सफाई के कार्यों की मॉनिटरिंग एवं नवाचार किया जाय।

जिलाधिकारी ने 15वॉ वित्त आयोग, वंदन योजना, नगरोद्य योजना तथा सीवरेज व जल निकासी योजना के अन्तर्गत कराए जा रहें कार्यों की प्रगति की निकायवार समीक्षा के दौरान अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध पूर्ण कराई जाय। इसके साथ ही उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्माण कार्यों का प्रभावी अनुश्रवण करने, मौके पर भ्रमण करने एवं लापरवाह ठेकेदार के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने अमृत योजना के अन्तर्गत नगर पंचायत पश्चिम शरीरा, कड़ा एवं चायल में कराए जा रहें कार्यों-ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य, पाइपलाइन व पाइपलाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गई सड़क के मोटरेबल के कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता से कहा कि कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाय। इसके साथ ही उन्होंने सम्बन्धित अधिशासी अधिकारियों को कार्यों की मॉनिटरिंग करते हुए प्रगति रिपोर्ट आगामी बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अधिकारियों को पीएम सूर्यघर योजना में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने डूडा के कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान परियोजना अधिकारी आकाश सिंह से कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत अधूरे आवासों का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करवाया जाय तथा पीएम स्वनिधि योजना में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित किया जाय।

बैठक में अपर जिलाधिकारी शालिनी प्रभाकर सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## मन की बात को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष ने की बैठक



**सबसे तेज प्रयागराज**

**नवाबगंज।** गुरुवार को भाजपा जिलाध्यक्ष गंगापार निर्मला पासवान ने श्रृंगवेरपुर मंडल के राम चौरा में भाजपा मंडल महामंत्री अवधेश मिश्रा के आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी कार्यक्रम मन की बात को लेकर एक बैठक की। जिलाध्यक्ष गंगापार निर्मला पासवान ने कहा कि गंगापार के सभी बूथों पर मन की बात कार्यक्रम सुनना है मंडल अध्यक्ष द्वारा इसकी पूरी तैयारी कर ली जाय मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद तुरन्त उसकी फोटो सरल ऐप पर अपलोड करना है इसका विशेष ध्यान रखे। उन्होंने कहा कि मन की बात में प्रधानमंत्री द्वारा हमे देश के कोने कोने से बहुत सारी जानकारी मिलती है। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र केसरवानी, महामंत्री अवधेश मिश्रा, श्याम सुंदर दुबे,अनिल मिश्रा, रमेश गुप्ता, अरविन्द केसरवानी,बृजेश साहू, अजय मौर्य, गुड्डू राजा आदि मौजूद रहे।

## स्पर्श चिकित्सा को आयुष में किया जाये शामिल : मो आरिफ

**सबसे तेज प्रयागराज**




**प्रयागराज।** स्पर्श चिकित्सा विशेषज्ञ मो आरिफ खा ने आज कहा कि आयुर्वेद, योग और यूनानी की तरह स्पर्श चिकित्सा अत्यंत प्रभावी है। इसमें बिना दवा के अभ्यास के माध्यम से पीडित का उपचार किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस देश को ऋषि - मुनिया से मिली इस पद्धति को जीवंत करने की जरूरत है जिससे जहां उपचार में मदद मिलेगी वही इस पद्धति से उपचार करने वालों को रोजगार के अवसर मिलेगे इसलिए इसे आयुष में शामिल किया जाना चाहिए। वह आशा फिजियोथिरेपी सेंटर मम्फोर्डगंज में स्पर्श चिकित्सा के महत्व पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। स्पर्श चिकित्सा विशेषज्ञ मो. आरिफ खां ने कहा कि केन्द्र सरकार को इस विधा को विशेष रूप से बढ़ावा देना चाहिए। उन्होने कहा कि दिव्यांग, मूकबधिर, हकलाने और तुतलाने वाले बच्चों में स्पर्श चिकित्सा अत्यंत कारगर है, लेकिन लोगों में उसके प्रति जानकारी का अभाव है। सरकार स्पर्श चिकित्सा को बढावा देगी तो रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और लोगों को उसका लाभ मिलेगा।

इस दौरान फिजियो थेरेपिस्ट डा. वीवी सिंह ने इसके बढावा पर जोर दिया है। उन्होंने बताया कि मूक बधिर बच्चों के निःशुल्क उपचार के लिए शिविर 28 फरवरी तक लगा रहेगा।

# छत्रपति शिवाजी, गोलवरकर जी की मनाई जयंती, बताए रास्ते पर चलने का संकल्प

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** प्रयाग दक्षिण केशव नगर के लेडीज पार्क, प्रयाग संगीत समिति साउथ मलाका के सामने मैदान में छत्रपति शिवाजी एवं गोलवरकर जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई।प्रमुख वक्ता के रूप में पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री नरेंद्र सिंह गौर ने कहा कि माधव सदाशिव राव गोलवलकर (श्री गुरुजी), राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दूसरे सरसंघचालक रहे। गुरुजी सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और हिंदू राष्ट्र के प्रखर समर्थक थे। उन्होंने कहा था कि भारत एक हिंदू राष्ट्र है, जहाँ हिंदू धर्म व संस्कृति ही राष्ट्रीय पहचान है। जातिवाद से मुक्त, अखंड भारत और हिंदू समाज के संगठन, संघ कार्य पर जोर दिया।

हिंदू राष्ट्र की अवधारणा पर जोर देते हुए कहा गया कि गुरुजी मानते थे कि भारत में रहने वाले सभी लोगों को हिंदू संस्कृति और भाषा को अपनाना होगा और स्वतंत्र अस्तित्व त्यागकर हिंदू राष्ट्र में विलीन होना होगा।

उनके लिए हिंदुत्व केवल एक धर्म नहीं, बल्कि जीवनशैली और भारतीय राष्ट्र की मूल पहचान थी। उन्होंने राष्ट्र निर्माण के लिए हिंदू समाज की एकता को अनिवार्य माना। अपनी पुस्तक "बंच ऑफ थॉट्स" (विचार नवनीत) में, उन्होंने मुसलमानों, ईसाइयों और कम्युनिस्टों को आंतरिक खतरे के रूप में वर्णित किया। वे देश की संस्कृति के प्रति निष्ठा नहीं रखते। उन्होंने हिंदू समाज को संगठित करने के लिए संघ की शाखाओं का विस्तार किया और शिक्षा, सेवा व सामाजिक सुधारों के माध्यम से राष्ट्रवाद की भावना जगाई। वे भौगोलिक और सांस्कृतिक अखंडता के समर्थक थे, जो भारत की प्राचीन परंपरा और संस्कृति को पुनः प्रतिष्ठित करना चाहते थे।

पूर्व कुलपति पूर्वांचल विश्वविद्यालय राजाराम जी ने कहा कि उनके आलोचक उन पर हिंदू वर्चस्ववाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हैं, जबकि समर्थक उन्हें एक महान राष्ट्र ऋषि और संगठनकर्ता के रूप में देखते हैं।



सह संघ चालक मिल्कियत सिंह बाजवा ने गुरुजी का जीवन परिचय का जिक्र किया। कहा कि

उन्होंने हिंदुत्व को एक प्रमुख विचारधारा के रूप में स्थापित किया। उनके विचारों में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद प्रमुख था।

उन्होंने संघ के नेटवर्क को देश भर में मजबूत किया, कई अनुषंगी संगठन शुरू किए और गांधीजी की हत्या के बाद लगे प्रतिबंध से संघ को उबारा। प्रांत कार्यकारिणी सदस्य नागेंद्र जायसवाल ने कहा कि 'गुरूजी' राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दूसरे और सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले सरसंघचालक थे। एक शिक्षक से विचारक बने गोलवलकर ने संघ को देश भर में फैलाया और हिंदू राष्ट्र की विचारधारा को सुदृढ़ किया। उन्होंने 'वी, ऑर अवर नेशनहुड डिफाइंड' जैसी पुस्तकें लिखीं।विभाग घुमंतू प्रमुख अमित जी ने कहा छत्रपति शिवाजी महाराज मराठा साम्राज्य के संस्थापक और एक वीर योद्धा थे, जिनका जन्म शिवनेरी किले में हुआ था। उन्होंने मुगलों और आदिलशाही के खिलाफ संघर्ष कर हिंदवी स्वराज्य की स्थापना की, विशेषकर 'गनीमी कावा' (छापामार युद्ध) रणनीति अपनाकर। 1674 में रायगढ़ में राज्याभिषेक के बाद वे छत्रपति बने। केशव नगर संघचालक राजेंद्र जी ने कहा कि शाहजी भोंसले और जीजाबाई के पुत्र, शिवाजी ने बहुत कम उम्र में युद्ध नीति और प्रशासन सीखा।

मात्र 16 वर्ष की आयु में उन्होंने पहला किला जीता और पुणे पर अधिकार किया। उन्होंने न केवल गोरिल्ला युद्ध में महारत हासिल की, बल्कि भारत की पहली स्वतंत्र नौसेना की नींव भी रखी।उन्होंने 'अष्टप्रधान मंडल' के माध्यम से कुशल शासन व्यवस्था स्थापित की और अपनी प्रजा के प्रति कर्तव्यनिष्ठा के लिए जाने जाते थे। वे हिंदू धर्म के रक्षक थे, लेकिन अपनी सेना में मुसलमानों को भी उच्च पद देते थे। कार्यक्रम का संचालन सतीश जी भाग बौद्धिक प्रमुख प्रयाग दक्षिण ने किया। छत्रपति शिवाजी की वीरता पर गीत संजय जी ने और गुरुजी पर गीत राम प्रकाश जी ने प्रस्तुत किया। सुशील जी का गीत भी सराहा गया। कार्यक्रम का समापन प्रार्थना से हुआ।

कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख लोगों में नगर कार्यवाह अविनाश, सतीश, अमित, रमाकांत, रामप्रकाश, संजय, त्रिलोकी, लक्ष्मीकांत, मदन, गिरीश, अनिल, सुशील, रामलाल गर्ग, विकास ,नागेंद्र, रघुराज, रविंद्र, अनूप, दीनानाथ, रविकिशन, सुशील के अलावा बड़ी संख्या में अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

## संपादकीय

### सोशल मीडिया: संवाद का माध्यम या निजता का संकट ?

आज संचार क्रांति का युग है।हर कोई सोशल मीडिया,एआइ का प्रयोग कर रहा है। आधुनिक दौर में सोशल मीडिया ने हमारे अनेक कार्यों को आसान और सरल बनाया है। दूसरे शब्दों में कहें तो सोशल मीडिया ने संवाद को जितना सरल और व्यापक बनाया है, उतना ही जटिल निजता का प्रश्न भी खड़ा कर दिया है। आज व्यक्ति अपने जीवन के निजी क्षण-तस्वीरें,रील बनाकर अपने विचार, स्थान और दिनचर्या स्वेच्छा से सार्वजनिक मंचों पर साझा कर रहा है। यह सब आमतौर पर सोशल मीडिया मंचों पर साझा करना कभी-कभी आत्म-अभिव्यक्ति का माध्यम होता है, तो कई बार अनजाने में अपनी निजता को जोखिम में डालने का कारण बन जाता है। लाइक और ह्यव्यू की होड़ में निजी सीमाएँ धुंधली होती जा रही हैं। यहां यदि हम सरल शब्दों में कहें तो आज के समय में तकनीक हमारी ज़िंदगी की पल-पल की अहम् व महत्वपूर्ण जरूरत बन चुकी है। मोबाइल, इंटरनेट और सोशल मीडिया ने काम आसान और तेज कर दिए हैं, लेकिन इसके साथ एक बड़ा खतरा भी जुड़ा है-निजता का खतरा। आज के समय में अधिकांश लोगों के पास स्मार्टफोन है और वे सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन बहुत से लोग यह नहीं जानते कि ऐप या प्लेटफॉर्म पर साइन-अप करते समय जो निजी जानकारी वे देते हैं, उसका गलत इस्तेमाल भी हो सकता है। कई बार यह जानकारी हमारी अनुमति के बिना किसी और को दी जा सकती है। बहरहाल,यहां पाठकों को बताता चलूं कि भारत ही नहीं आज संपूर्ण विश्व स्तर पर स्मार्टफोन उपयोग तेजी से सर्वव्यापी हो चुका है। 2025 के आसपास उपलब्ध ताजा वैश्विक अनुमानों के अनुसार दुनिया में लगभग 6.8-7.1अरब लोग स्मार्टफोन का उपयोग कर रहे हैं, जबकि सक्रिय स्मार्टफोन डिवाइसों की संख्या 7 अरब से अधिक मानी जाती है, क्योंकि कई उपयोगकर्ताओं के पास एक से अधिक फोन हैं। इसका अर्थ यह है कि वैश्विक आबादी का करीब 85झ्र90 प्रतिशत हिस्सा किसी न किसी रूप में स्मार्टफोन से जुड़ चुका है। यदि हम यहां पर भारत की बात करें तो देश दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन बाजार बन चुका है।साल 2024-2025 के आंकड़ों के अनुसार भारत में स्मार्टफोन उपयोगकर्ताओं की संख्या लगभग 65-70 करोड़ (650-700 मिलियन) है, जो कुल जनसंख्या का करीब 45-50 प्रतिशत बैठती है। ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट और 4जी/5जी नेटवर्क के विस्तार के कारण यह संख्या तेजी से बढ़ रही है और विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार 2026 तक भारत में स्मार्टफोन उपयोगकर्ता 100 करोड़ के आसपास पहुँच सकते हैं ।

## भारत का बजट 2026-27 साथ-साथ चल सकते हैं आर्थिक विकास और वित्तीय अनुशासन

**आशीष कुमार चौहान**

केंद्रीय बजट 2026-27, जो कर्तव्य भवन से पेश किया गया पहला बजट है और माननीय वित्त मंत्री का लगातार नौवां बजट है, यह साफ संदेश देता है कि तेज आर्थिक विकास और वित्तीय अनुशासन साथ-साथ चल सकते हैं। यह बजट वित्तीय संतुलन के रास्ते पर मजबूती से बना हुआ है। इसमें राजकोषीय घाटा जीडीपी के 4.4% से घटकर 4.3% कर दिया गया है और कर्ज से जीडीपी अनुपात 56.1% से घटकर 55.6% हो गया है। इससे भारत वित्त वर्ष 2031 तक 50% (±1%) के लक्ष्य की ओर सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। यह सब मिलकर निवेशकों और बाजारों को यह भरोसा देता है कि देश की अर्थव्यवस्था स्थिर है और सरकार की नीतियाँ भरोसेमंद हैं।

इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास का सबसे बड़ा आधार बना हुआ है। सार्वजनिक कैपेक्स में करीब 12% की बढ़ोतरी कर इसे ?12.2 लाख करोड़ किया गया है। इसका मकसद निजी निवेश को आकर्षित करना, उत्पादकता बढ़ाना और लॉजिस्टिक्स लागत कम करना है। बजट में वित्तीय बाजारों को और मजबूत करने के लिए संतुलित कदम भी उठाए गए हैं। इनमें डेरिवेटिव्स पर एसएसटी बढ़ाना ताकि जरूरत से ज्यादा सट्टेबाजी पर रोक लगे, आरईआईटी के जरिए पीएसयू संपत्तियों का मुद्रीकरण, बॉन्ड इंडेक्स डेरिवेटिव्स की शुरूआत, और कॉरपोरेट बॉन्ड्स के लिए बेहतर मार्केट मेकिंग व्यवस्था शामिल है। इसके अलावा, गिफ्ट सिटी में आय पर कर छूट की अवधि 10 साल से बढ़ाकर 20 साल कर दी गई है, जिससे यह एफपीआई के लिए और ज्यादा आकर्षक बन जाएगी। अर्बन फाइनेंस को मजबूती देने के लिए नगरपालिका बॉन्ड्स पर दोबारा जोर दिया गया है। साथ ही, विदेशी मुद्रा और पूंजी बाजारों में किए गए नियामकीय सुधारों से व्यापार करना आसान होगा और भारत का वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़ाव और मजबूत होगा। इसके अलावा, एनआरआई को भारतीय शेयर बाजार में सीधे पोर्टफोलियो निवेश की अनुमति देकर लंबे समय के डायस्पोरा पूंजी को देश की विकास यात्रा से जोड़ने का प्रयास किया गया है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह बजट भविष्य को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इसमें रणनीतिक और उभरते हुए क्षेत्रों जैसे सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग, बायो-फार्मा, रेयर अर्थ्स, पर्यटन और टेक्सटाइल उद्योग को प्राथमिकता दी गई है। इन क्षेत्रों पर जोर देकर सरकार का लक्ष्य इनोवेशन को बढ़ावा देना, निर्यात बढ़ाना और उच्च गुणवत्ता वाले रोजगार पैदा करना है। कुल मिलाकर, बजट 2026-27 में वित्तीय समझदारी, इन्फ्रास्ट्रक्चर के जरिये विकास, वित्तीय बाजारों को गहरा करना और भविष्य के लिए तैयार सुधारों का संतुलित मेल दिखता है। यह बजट विकसित भारत 2047 की दिशा में भारत की यात्रा के लिए मजबूत नींव रखता है।

# हवा-पानी-मिट्टी ही नहीं, अब रिश्ते भी प्रदूषित हो रहे हैं

**मनमनोहन**

आज प्रदूषण की चर्चा केवल वायु, जल या मृदा तक सीमित नहीं रही। यह धीरे-धीरे मानवीय संबंधों की उस पवित्र भूमि तक पहुँच चुका है, जहाँ कभी विश्वास, प्रेम, समर्पण और सहअस्तित्व के बीज बोए जाते थे। विडंबना यह है कि आज शायद ही कोई ऐसा रिश्ता बचा हो, जिसकी निष्कलुषता पर स्वार्थ, संदेह या अहंकार की परछाईं न पड़ी हो। परिवार, जो कभी सुरक्षा और संस्कार का सबसे सुदृढ़ केंद्र हुआ करते थे, आज स्वयं असंतोष, अविश्वास और विघटन की प्रयोगशाला बनते जा रहे हैं। पारिवारिक जीवन से प्रेम, सहयोग, सामंजस्य और सहनशीलता जैसे मूल तत्व तेजी से लुप्त हो रहे हैं। इनके स्थान पर छल, कपट, धोखाधड़ी और वैमनस्य ने जगह बना ली है। आधुनिक मनुष्य इतना आत्मकेंद्रित और लोभग्रस्त होता जा रहा है कि वह रिश्तों को तोड़ते समय न तो संकोच करता है और न ही किसी प्रकार का पश्चाताप अनुभव करता है। परिणामस्वरूप भारतीय समाज में पारिवारिक विघटन, तलाक और विवाह-पूर्व ह्यलिव-इन रिलेशनशिपह्न की घटनाएँ निरंतर बढ़ रही हैं। संयुक्त परिवारों का एकल परिवारों में सिमटना केवल संरचनात्मक परिवर्तन नहीं है, बल्कि यह सामाजिक-मनोवैज्ञानिक असंतुलन का संकेत भी है, जिसका सीधा प्रभाव युवा पीढ़ी पर पड़ रहा है। अपराध, नशावृत्ति और अवसाद की ओर युवाओं का झुकाव इसी टूटते पारिवारिक ताने-बाने की एक गंभीर परिणति है। मेरे दृष्टिकोण से रिश्तों का यह क्षरण पर्यावरणीय प्रदूषण से भी अधिक घातक है, क्योंकि यह समाज की आत्मा को भीतर से खोखला कर देता है। इस तथ्य की पुष्टि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट ह्यक्राइम इन इंडियाह्न (सितंबर 2025) से भी होती है। वर्ष 2023 में महिलाओं के विरुद्ध 4.48 लाख से अधिक अपराध दर्ज किए गए, जिनमें लगभग 31.4 प्रतिशत मामले पति या उसके परिजनों द्वारा की गई क्रूरता से संबंधित थे। इसी प्रकार बच्चों के विरुद्ध दर्ज 1.77 लाख अपराधों में पोक्सो अधिनियम के अंतर्गत आने वाले 96 प्रतिशत से अधिक मामलों में आरोपी कोई बाहरी व्यक्ति नहीं, बल्कि पीड़ित का परिचित या संबंधी ही था।

**आज परिवारों में संवादहीनता और सहनशीलता की कमी ने उस संस्कार-कवच को नष्ट कर दिया है, जो कभी संयुक्त परिवारों के रूप में समाज को संबल देता था। कोरोना काल और उससे जुड़े अनेक अध्ययनों ने यह सिद्ध किया कि संयुक्त परिवारों में रहने वाले लोगों ने भावनात्मक सहयोग के कारण कठिन परिस्थितियों का अधिक सशक्त ढंग से सामना किया। इसके विपरीत, एकल परिवारों में अकेलापन और असुरक्षा की भावना अधिक गहराई से उभरी**

हत्या जैसे जघन्य अपराधों में भी ह्यपारिवारिक कलहह्न एक प्रमुख कारण के रूप में उभरकर सामने आई है। ये आँकड़े केवल अपराध की नहीं, बल्कि रिश्तों के गहरे नैतिक पतन की कहानी कहते हैं।

सनातन संस्कृति में परिवार को सदैव ह्यसंस्कारों की प्रयोगशालाह्न माना गया है। भारतीय परिवार व्यवस्था कभी ऐसी नैतिक शक्ति का स्रोत थी, जिसकी ओर पाश्चात्य समाज भी आकृष्ट होता था। किंतु आज वही परिवार अपनी परंपराओं, मूल्यों और सांस्कृतिक अनुशासन से दूर होता जा रहा है। युवा पीढ़ी का बढ़ता स्वकेंद्रित दृष्टिकोण इस संकट को और गहरा कर रहा है। कैरियर, भौतिक सुख-सुविधाएँ और व्यक्तिगत स्वतंत्रता उसकी प्राथमिकताओं में शीर्ष पर हैं, जबकि परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व हाशिये पर खिसकते जा रहे हैं। संभवतः यही कारण है कि पवित्र वैवाहिक बंधन के स्थान पर अस्थायी संबंधों को अधिक स्वीकार्यता मिल रही है। इस सामाजिक परिवर्तन का एक और चिंताजनक संकेत गिरती प्रजनन दर है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार शहरी भारत में कुल प्रजनन दर 1.6 तक पहुँच चुकी है, जो प्रतिस्थापन स्तर 2.1 से काफी नीचे है। यह आँकड़ा भविष्य में एक ऐसे समाज की ओर संकेत करता है, जहाँ बुजुर्ग अकेलेपन से जूझेंगे और पारिवारिक सहारा एक दुर्लभ मूल्य बन जाएगा। लोकसभा की 2024 की एक रिपोर्ट बताती है कि लगभग 60 प्रतिशत भारतीय युवा ह्यएकाकीपनह्न का अनुभव कर रहे हैं, जो आगे चलकर अवसाद और नशे जैसी प्रवृत्तियों को जन्म दे सकते हैं। यूनिसेफ की विभिन्न रिपोर्टें भी यह स्पष्ट करती हैं कि किशोरों में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के पीछे पारिवारिक कलह एक बड़ा कारण है।

आज परिवारों में संवादहीनता और सहनशीलता की कमी ने उस संस्कार-कवच को नष्ट कर दिया है, जो कभी संयुक्त परिवारों के रूप में समाज को संबल देता था। कोरोना काल और उससे जुड़े अनेक अध्ययनों ने यह सिद्ध किया कि संयुक्त परिवारों में रहने वाले लोगों ने भावनात्मक सहयोग के कारण कठिन परिस्थितियों का अधिक सशक्त ढंग से सामना किया। इसके विपरीत, एकल परिवारों में अकेलापन और असुरक्षा की भावना अधिक गहराई से उभरी। यह समझना आवश्यक है कि आजीविका के कारण भौगोलिक दूरी विवशता हो सकती है, किंतु मन की दूरी केवल हमारे अहंकार और विकृत प्राथमिकताओं का परिणाम है। इसी संदर्भ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा ह्यपरिवार प्रबोधनह्न जैसे अभियानों के माध्यम से सामाजिक चेतना जागृत करने का प्रयास न केवल सराहनीय है, बल्कि अन्य सामाजिक संगठनों के लिए अनुकरणीय भी है। 140 करोड़ की आबादी वाले भारत में परिवार को पुनः विश्वास, संवाद और संवेदनशीलता का केंद्र बनाना केवल संस्थाओं का नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है।

ऋग्वेद की शाश्वत प्रार्थना संगच्छध्वं संवदध्वं हमें साथ चलने और संवाद बनाए रखने का संदेश देती है। यदि समय रहते सांस्कृतिक और पारिवारिक चेतना को पुनर्जीवित नहीं किया गया, तो हमारी गौरवशाली परंपरा केवल आँकड़ों और इतिहास के पन्नों में सिमट कर रह जाएगी। समय की माँग है कि विकास की दौड़ में हम अपनों का हाथ न छोड़ें, क्योंकि सशक्त समाज की नींव सुदृढ़ रिश्तों पर ही टिकी होती है।

# एपस्टीन फाइल्स: लोकतंत्र का आईना या सत्ता का कवर-अप?

**डॉ. सत्यवान सौरभ**



**अमेरिकी** न्याय विभाग द्वारा सार्वजनिक की जा रही एपस्टीन फाइल्स केवल एक आपराधिक कांड का खुलासा नहीं हैं, बल्कि वे आधुनिक लोकतंत्रों की पारदर्शिता, जवाबदेही और सत्ता-संरचना पर गंभीर प्रश्न खड़े करती हैं। जेफरी एपस्टीन–एक ऐसा नाम, जो वित्तीय वैभव, राजनीतिक पहुँच और यौन शोषण के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का पर्याय बन चुका है–की मृत्यु के छह वर्ष बाद उसके दस्तावेज सामने आ रहे हैं। इन फाइल्स का महत्व इसलिए भी अधिक है क्योंकि ये दिखाती हैं कि किस प्रकार सत्ता, पूंजी और गोपनीय नेटवर्क लोकतांत्रिक संस्थाओं को भीतर से प्रभावित करते हैं। नवंबर 2025 में अमेरिकी कांग्रेस ने एपस्टीन फाइल्स पारदर्शिता अधिनियम पारित किया। इसके तहत जनवरी 2026 तक 33 लाख से अधिक पृष्ठ सार्वजनिक किए जा चुके हैं। इनमें ई-मेल संवाद, उड़ान लॉग, संपर्क सूचियाँ, वित्तीय लेन-देन और जांच एजेंसियों की आंतरिक रिपोर्टें शामिल हैं। इन दस्तावेजों में अमेरिका ही नहीं, बल्कि कई देशों के राजनीतिक, कारोबारी और कूटनीतिक हलकों के संदर्भ सामने आए हैं। भारत का नाम भी इन्हीं संदर्भों में उभर कर आया है, जिसने इस बहस को और तीखा बना दिया है। जेफरी एपस्टीन का नेटवर्क कोई साधारण अपराध नहीं था। न्यूयॉर्क से फ्लोरिडा और कैरिबियन द्वीपों तक फैले इस जाल में दुनिया के कई प्रभावशाली लोगों के शामिल होने के आरोप रहे हैं। 2019 में अमेरिकी जेल में उसकी रहस्यमय मौत के बाद वर्षों तक फाइल्स सील रहीं। लेकिन पीड़ितों के दबाव, मीडिया की पड़ताल और न्यायिक हस्तक्षेप ने सरकार को इन्हें सार्वजनिक करने के लिए बाध्य किया। जुलाई 2025 में जारी पहले बैच में गिस्लेन मैक्सवेल के मुकदमे से जुड़े कई नाम सामने आए। ट्रंप, क्लिंटन और ब्रिटिश शाही परिवार से जुड़े संदर्भ पहले ही चर्चा में थे, लेकिन नए दस्तावेजों ने बहस को वैश्विक स्तर पर फैला दिया। भारत से जुड़े आरोपों और दावों ने स्वाभाविक रूप से राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी। फाइल्स में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अप्रत्यक्ष उल्लेख, उद्योगपति अनिल अंबानी से संबंधित कुछ ई-मेल और पूर्व राजनयिक हर्ष पुरी के नाम सामने आने का दावा किया गया है। 2017 के कुछ ई-मेल संवादों में यह संकेत दिया गया है कि अमेरिकी राजनयिक नियुक्तियों, अंतरराष्ट्रीय बैठकों और प्रभाव-निर्माण में एपस्टीन से सलाह ली गई। एक ई-मेल में एपस्टीन द्वारा यह दावा किया गया है कि उसने भारत-इजरायल कूटनीतिक संवाद के दौरान अमेरिकी नेतृत्व को प्रभावित करने में भूमिका निभाई।

भारत सरकार ने इन दावों को पूरी तरह निराधार और कचरा करार दिया है। सरकार का यह कहना स्वाभाविक है, क्योंकि किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में ऐसे आरोप गंभीर होते हैं। लेकिन सवाल यह है कि यदि आरोप असत्य हैं, तो स्वतंत्र और पारदर्शी जांच से परहेज क्यों? लोकतंत्र में सरकार की विश्वसनीयता केवल खंडन से नहीं, बल्कि जांच और जवाबदेही से स्थापित होती है। यह विवाद केवल भारत तक सीमित नहीं है। अमेरिका में भी ट्रंप प्रशासन पर आरोप लगे हैं कि उसने दस्तावेजों को जारी करने में अनावश्यक देरी की और कुछ हिस्सों को छिपाने की कोशिश की। रिपब्लिकन सांसद थॉमस मैसी और डेमोक्रेट नेताओं ने न्यायिक निगरानी की मांग की है। इससे स्पष्ट होता है कि दुनिया का सबसे पुराना लोकतंत्र भी सत्ता और पारदर्शिता के टकराव से अछूता नहीं है। भारतीय लोकतंत्र के संदर्भ में यह बहस और गहरी हो जाती है। हमारा राजनीतिक तंत्र पहले ही प्रॉक्सी नेतृत्व, कॉरपोरेट प्रभाव और अपारदर्शी निर्णय-प्रक्रियाओं की आलोचना झेल रहा है। पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं को पचास प्रतिशत आरक्षण मिला है, लेकिन कई जगह वास्तविक सत्ता आज भी प्रॉक्सी पुरुषों के हाथों में है। यह केवल स्थानीय स्तर की समस्या नहीं, बल्कि सत्ता-संरचना की व्यापक प्रवृत्ति को दशार्ती है–जहां औपचारिक लोकतांत्रिक ढाँचे के पीछे अनौपचारिक नेटवर्क निर्णय लेते हैं। एपस्टीन फाइल्स इसी प्रवृत्ति का वैश्विक रूप हैं। सतह पर लोकतंत्र चमकता है, लेकिन भीतर संपर्क, धन और गोपनीयता का खेल चलता है। भारत में कोहिनूर विवाद, राफेल सौदा या चुनावी बॉन्ड जैसी व्यवस्थाओं पर उठे सवाल इसी कारण विश्वास के संकट को जन्म देते हैं। जब पारदर्शिता अधूरी होती है, तो अफवाहें और संदेह स्वाभाविक रूप से पनपते हैं। वैश्विक स्तर पर ये फाइल्स पूंजीवाद और सत्ता के गठजोड़ को उजागर करती हैं। एक ऐसा अभिजात्य वर्ग, जहां कानून अक्सर कमजोर पड़ जाता है और प्रभावशाली लोग जवाबदेही से बच निकलते हैं। भारत जैसे उभरते लोकतंत्र के लिए यह चेतावनी है। हमारी अर्थव्यवस्था वैश्वीकरण के दौर में तेजी से आगे बढ़ रही है–विदेशी निवेश, स्टार्ट-अप संस्कृति और अंतरराष्ट्रीय साझेदारियाँ बढ़ रही हैं। लेकिन क्या हमारी संस्थाएँ इतने मजबूत हैं कि वे छिपे हुए प्रभाव-जालों का सामना कर सकें?

राजनीतिक दृष्टि से भी यह मुद्दा महत्वपूर्ण है। 2029 के आम चुनावों से पहले ऐसे खुलासे राजनीतिक विमर्श को प्रभावित कर सकते हैं। विपक्ष का कर्तव्य है कि वह सवाल उठाए, लेकिन उससे भी अधिक जरूरी है कि संसद में गंभीर और तथ्यात्मक बहस हो। सर्वोच्च न्यायालय को, आवश्यकता पड़ने पर, स्वतः संज्ञान लेना चाहिए ताकि संस्थागत विश्वास बना रहे। समाधान के रास्ते स्पष्ट हैं। पहला, भारत से जुड़े सभी संदर्भों की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच–राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त। दूसरा, संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों और वरिष्ठ अधिकारियों के विदेशी संपर्कों का नियमित सार्वजनिक प्रकटीकरण। तीसरा, सूचना के अधिकार को और मजबूत करना तथा राजनीतिक फंडिंग में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करना। अंतरराष्ट्रीय मंचों, जैसे जी-20, पर साइबर और वित्तीय पारदर्शिता को एजेंडा बनाना भी जरूरी है।

एपस्टीन फाइल्स केवल एक व्यक्ति या कांड की कहानी नहीं हैं। वे यह बताती हैं कि लोकतंत्र की असली परीक्षा सत्ता से सवाल पूछने में है। यदि हम सवालों को दबा देंगे, तो सत्ता का आईना धुंधला होता जाएगा। ग्रामीण भारत की आंगनवाड़ी कार्यकताओं से लेकर संसद और वैश्विक मंचों तक–हर स्तर पर जवाबदेही लोकतंत्र की प्राणवायु है।

समय रहते सुधार किए गए, तो लोकतंत्र मजबूत होगा। अन्यथा रहस्य, नेटवर्क और अपारदर्शिता लोकतांत्रिक संस्थाओं को भीतर से खोखला करती रहेंगी। सत्ता जवाबदेह हो–यही गणराज्य का मूलमंत्र है।

# भारत ने फिर दिखाया सामर्थ्य

**मृत्युंजय दीक्षित**



**भारत और** अमेरिका के मध्य अप्रैल 2025 से प्रारंभ हुआ टैरिफ वॉर अब समझौते के साथ समापन की ओर अग्रसर हो रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प की ओर से भारत पर टैरिफ घटाने के ऐलान के साथ ही शेयर बाजार में उछल आया और निवेशकों के चेहरे खिल उठे। डॉलर के मुकाबले रुपए में भी मजबूती दिखी। यूरोपियन यूनियन के 27 सदस्य देशों के साथ भारत के मुक्त व्यापार समझौते के बाद से अनुमान लगाया जा रहा था कि अमेरिका दबाव में आ गया है और उसे भारत की व्यापार चिंताओं का सम्मान करना ही पड़ेगा और अंततः ऐसा हुआ भी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर कहा कि यह उनके लिए सम्मान की बात है कि प्रधानमंत्री मोदी ने उनसे बात की। वह सबसे अच्छे दोस्तों में से एक हैं और अपने देश के शक्तिशाली नेता हैं। हमने एक नहीं कई मुद्दों पर बात की जिसमें व्यापार और रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करना भी शामिल था। मोदी के लिए दोस्ती और उनके सम्मान के चलते और उनकी मांग पर तत्काल प्रभाव से हम अमेरिका और भारत के बीच एक व्यापार समझौते पर सहमत हुए हैं, जिसमें अमेरिका भारत पर लगाए गए टैरिफ को 25 से घटाकर 18 प्रतिशत कर रहा है। जैसे ही सोशल मीडिया पर अमेरिकी राष्ट्रपति का बयान आया, वैसे ही भारत में भी हलचल तीव्र हो गई। एनडीए संसदीय दल की बैठक में अमेरिका के साथ हो रहे समझौते पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमने बहुत समय तक धैर्य रखा, जिसका परिणाम हम सभी के सामने है। अमेरिका की ओर से की गई इस घोषणा से दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतंत्रों के बीच व्यापारिक तनाव को कम करने में सहायता मिलेगी। भारत सर्वाधिक लाभ में: भारत और अमेरिका के बीच जो व्यापार समझौता हुआ है उसका सर्वाधिक लाभ भारत को मिलने जा रहा है।टैरिफ को लेकर ट्रंप की घोषणा के बाद भारत इस मामले में पड़ोसी अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले अधिक लाभ में आ गया है। चीन और पाकिस्तान की तुलना में भारत पर अब कम टैरिफ है। इंडोनेशिया, बांग्लादेश और वियतनाम भारत से अधिक टैरिफ वाले देश बन चुके हैं। वर्तमान समय में बांग्लादेश और वियतनाम पर 20, मलेशिया, कंबोडिया, थाईलैंड और पाकिस्तान पर 19 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ लगा हुआ है। समाचार यह भी है कि अब भारत भी अमेरिकी वस्तुओं पर टैरिफ और गैर टैरिफ बाधाओं को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। कहा जा रहा है कि इसे संभावित रूप से शून्य तक ले जाया जा सकता है। यह भारत की वर्तमान व्यापार नीति में बाजार पहुंच के सबसे बड़े बदलावों में से एक है। जैसे ही भारत अमेरिकी उत्पादों के लिए अपने बाजार खोलेगा कई अमेरिकी वस्तुएं भारतीय उपभोक्ताओं के लिए काफी सस्ती हो जाएंगी।

भारतीय बाजार में लैपटॉप, गैजेट्स और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण की कीमतें कम हो सकती हैं। घरेलू उपकरणों की पहुंच आसान हो जाएगी।निर्यात के मोर्चे पर भी भारत को बहुत लाभ होने जा रहा है। अमेरिका से टैरिफ कम हो जाने के बाद हमारे टैक्स्टाइल, आभूषण और रत्न निर्यात पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इन सेक्टर्स के अलावा भारत का चमड़ा और फुटवियर उद्योग अमेरिका को हर वर्ष 1.18 अरब, केमिकल उद्योग 2.34 अरब और इलेक्ट्रिक और मशीनरी उद्योग 9 अरब डॉलर का निर्यात करता है। विश्लेषकों का अनुमान है कि भारत और अमेरिका के मध्य द्विपक्षीय व्यापार अगले कुछ वर्षों में 500 अरब डॉलर की ओर 5 गुना गति से बढ़ेगा और नए व्यापार समझौते से भारी आर्थिक लाभ प्राप्त होंगे। अमेरिका के साथ डील फाइनल हो जाने के कारण अब एक नई सप्लाई चेन मिल गई है जिसका लाभ भी भारत को मिलेगा। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के बाद भारत की जीडीपी वृद्धि बढ़कर 6.9 प्रतिशत हो सकती है। टैरिफ कटौती से भारत की आर्थिक वृद्धि निवेश, वातावरण और वाह्य संतुलन को समर्थन मिलेगा। गोल्डमैन एक्स का मानना है कि अगर यह टैरिफ लागू रहता है तो इससे भारत की अर्थव्यवस्था को व्यापक लाभ होगा। अब ट्रेड पॉलिसी को लेकर अनिश्चितता कम हो जाएगी। उद्योग जगत इसे भरोसा बढ़ाने वाला कदम मान रहा है और एफआईआई की वापसी से बाजारों में सकारात्मक वातावरण बनने की संभावना बताई जा रही है। भारत और अमेरिका के मध्य हुआ समझौता इंगित करता है कि अब पूरी दुनिया भारत में व्यापार के माध्यम से निवेश के नए अवसर खोज रही है। यह समझौता न सिर्फ भारत की विकास आकांक्षाओं को गति देगा बल्कि देश को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी और नवाचार का केंद्र बनाने के लक्ष्य को भी मजबूती देगा।

# प्रयागराज मंडल में कृषि निर्यात संवर्धन के बहुआयामी कार्ययोजना पर मंथन

## कमिश्नर ने दिए प्रशिक्षण, समन्वय एवं विपणन सुदृढ़ करने के निर्देश

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में गांधी सभागार में मंडल स्तरीय कृषि निर्यात निगरानी समिति की हुई बैठक में कृषि निर्यात को बढ़ाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान आवश्यक सुझाव और दिशा-निर्देश दिए गए। प्रयागराज मंडल के कृषि उत्पादों की निर्यात स्थिति एवं आंकड़ों की जानकारी लेते हुए मंडलायुक्त ने समस्त कृषक उत्पादक संगठनों एवं कृषक उत्पादक कंपनियों सहित सभी हितधारकों को लाख की खेती का व्यापक प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश दिए। इसी क्रम में कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपिडा) के सहयोग से क्रेता-विक्रेता बैठकें आयोजित कराने तथा इन कार्यों में तकनीकी सहयोग हेतु शोध संस्थानों का चिन्हांकन कर उनसे समन्वय स्थापित करने को भी कहा गया। मंडलायुक्त ने स्पष्ट किया कि जनपद स्तर पर वास्तविक हितधारकों के मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए सुदृढ़ संवाद व्यवस्था विकसित करना आवश्यक है, जिससे किसानों को प्रोत्साहन मिल सके। मंडल स्तर पर नीतिगत निर्णय लेकर उन्हें शासन को अग्रेतर कार्रवाई हेतु प्रेषित किए जाने के निर्देश भी दिए गए।

निर्यातकों एवं कृषकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। साथ ही भारतीय डाक विभाग द्वारा संचालित डाक निर्यात कार्यक्रम को अधिकाधिक हितधारकों तक पहुंचाने, मंडल के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष निर्यातकों का चिन्हांकन कर उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेलों में प्रतिभाग कराने, फल प्रसंस्करण विभाग से जैविक उत्पादों के विपणन से जुड़े उत्पादकों की सूची प्राप्त करने तथा नगर क्षेत्र में जैविक उत्पादों के विपणन हेतु उपयुक्त स्थान चिन्हित करने पर जोर दिया गया।

मंडल के समस्त डायरेक्ट निर्यातकों के साथ बैठक आयोजित कर मंडल के निर्यात योग्य उत्पादों की स्थिति की सम्यक जानकारी प्राप्त करने, विगत दो वर्षों से निर्यात न करने वाले निर्यातकों से संपर्क कर कारण स्पष्ट करने तथा कृषि निर्यात के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त करने वाले निर्यातकों एवं कृषक उत्पादक संगठनों की गतिविधियों का समाचार पत्रों के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराने के भी निर्देश दिए गए।



बैठक में कृषि विपणन अधिकारी, प्रयागराज मंडल, डॉ दिनेश चंद्र द्वारा बताया गया कि प्रतापगढ़ से आंवला एवं फतेहपुर से केला क्लस्टर बन गया है तथा फतेहपुर से आलू, हरी मिर्च एवं कौशांबी से केला क्लस्टर बनवाया जा रहा है। प्रतापगढ़ से आंवला के 208 तथा प्रयागराज से सुरखा अमरूद के 144 अधिकृत उपयोगकर्ता पंजीकृत हो चुके हैं। सोनाचूर और विष्णुभोग चावल केसरिया नींबू कजला खरबूजा रामराज धान एवं फतेहपुर सूतफानी जीआई पंजीकरण हेतु चयनित हैं। पंजीकरण की कार्यवाही की जा रही है। बैठक में मण्डल स्तरीय कृषि निर्यात निगरानी समिति के सदस्य सचिव डा0 दिनेश चन्द्र सहायक कृषि विपणन अधिकारी द्वारा कृषि निर्यात नीति के सम्बंध मे विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि कृषि निर्यात नीति-2024 के अन्तर्गत अनुमन्य प्रोत्साहन लाभ विशेष रूप से निर्यात क्लस्टर मे अच्छी कृषि पद्धतियो अथवा समकक्ष प्रमाणीकरण हेतु व्यय का 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 1.50 लाख प्रतिवर्ष की व्यय प्रतिपूर्ति किया जाना प्राविधानित है, इसके साथ ही जैविक, प्राकृतिक, समकक्ष प्रमाणीकरण हेतु कुल व्यय का 50 प्रतिशत अथवा एक वित्तीय वर्ष मे एक लाख रुपए की अधिकतम सीमा मे प्रतिपूर्ति की जायेगी इसके अतिरिक्त कृषि व कृषि प्रसंस्कृत उत्पाद के नमूनों के आयातक देशों के एमआरएल मानको के अनुसार परीक्षण हेतु कुल व्यय का 50 प्रतिशत अथवा एक वित्तीय वर्ष मे अधिकतम एक लाख रुपए की खर्च प्रतिपूर्ति किये जाने का प्रावधान किया गया है।मण्डलायुक्त ने किसानो को कृषि निर्यात नीति से ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित करने के बारे में जानकारी ली। सहायक कृषि विपणन अधिकारी ने बताया कि किसान कृषि जिन्सों के क्लस्टर निर्माण कराते हुए मौलिक कृषि, कृषि उत्पादो का प्रसंस्करण, मूल्यवर्धन, ब्रान्डिंग, पैकेजिंग एवं लेबिलिंग आदि कराते हुए निर्यात कर लाभान्वित हो सकते है। कृषि विपणन अधिकारी ने बताया कि प्रतापगढ़ से आंवला क्लस्टर फतेहपुर से केला क्लस्टर बन गया है तथा फतेहपुर से आलू हरी मिर्च एवं कौशांबी से केला क्लस्टर बनवाया जा रहा है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में आंवला एवं उसके प्रसंस्कृत उत्पाद का निर्यात 22.512 मैट्रिक टन (मूल्य 0.33 करोड), गाजर, ताजी हरी सब्जी निर्यात 55.1 मैट्रिक टन (मूल्य 0.135 करोड), भिन्डी निर्यात 31.0 मैट्रिक टन (मूल्य 0.009 करोड),चावल निर्यात 17618.9 मैट्रिक टन (मूल्य 61.01 करोड), मूंगफली निर्यात 398.0 मैट्रिक टन (मूल्य 2.92 करोड) रहा है तथा कुल निर्यात18125.472 मैट्रिक टन (मूल्य 73.13 करोड), जबकि विगत वित्तीय वर्ष 2024 -25 में कुल निर्यात 6296.65 मैट्रिक टन (मूल्य 26.54 करोड) रहा। सहायक कृषि विपणन अधिकारी द्वारा बताया गया कि कृषि निर्यात एवं डॉक्यूमेंटेशन प्रक्रिया के बारे में मण्डल के चार कृषक उत्पादक संगठन एवं दो अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिलाया गया। बैठक मे उपस्थित जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड अनिल शर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि कौशांबी जनपद के आईफा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी द्वारा केला के प्रसंस्कृत उत्पाद एवं हैंडीक्राफ्ट का निर्यात किया जा रहा है और इस क्षेत्र में केले की खेती बहुतायत होती है। निर्यातकों को विशेष प्रशिक्षण देते हुए संभावनाएं तलाशी जा सकती है। बैठक में डॉ. दिनेश चंद्र, सहायक कृषि विपणन अधिकारी, अनिल शर्मा, जिला विकास प्रबंधक, राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक, अजय चौरसिया, संयुक्त आयुक्त उद्योग, पवन विश्वकर्मा, उप कृषि निदेशक, डॉ. बी.के. द्विवेदी, सुशील कुमार तिवारी, प्रयागराज डाकघर तथा प्रोफेसर नीलम यादव, खाद्य प्रौद्योगिकी केंद्र, राष्ट्रीय परीक्षण एवं अंशांकन प्रयोगशाला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## भाकियू नेताओं ने अफसरों से की मुलाकात, गिनाई समस्याएं

**सबसे तेज प्रयागराज**





**प्रतापगढ़।** जिले की कई समस्याओ को लेकर भाकियू (अराजनैतिक) ने अफसरों का ध्यान खींचा है। तहसीलदार कुंडा द्वारा किसानों की जन समस्या की अनदेखी, किसानों के साथ गलत बर्ताव किये जाने एवं छुट्टा आवारा पशु की भरमार, आलू के फसल का रेट निर्धारित किए जाने, प्राइवेट खाद विक्रेताओं के यहां रेट बोर्ड न लगाए जाने एवं कुछ थानों में निर्दोषों के ऊपर मुकदमा दर्ज कर दिए जाने को लेकर मंडल अध्यक्ष बबलू दुबे ने शिव सहाय अवस्थी जिलाधिकारी एवं दीपन भूकर पुलिस अधीक्षक से औपचारिक मुलाकात कर कई बिंदुओं पर चर्चा की। इस अवसर पर अजय सिंह युवा मंडल अध्यक्ष, राजनाथ गौतम युवा गंगापार अध्यक्ष, अंगद मौर्या ब्लॉक अध्यक्ष, मुन्ना मिश्रा ब्लॉक उपाध्यक्ष आदि लोग मौजूद रहे।

## महिला से दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष का कारावास

**फिरोजाबाद।**

न्यायालय ने महिला से मारपीट धमकी देने तथा दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। उस पर अर्थ दंड लगाया है। अर्थ दंड न देने पर उसे अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

थाना टूंडला क्षेत्र में युवक ने एक महिला से शारीरिक संबंध बनाए। विरोध करने पर मारपीट करते हुए धमकी दी। पीड़िता ने इस मामले में 13 मई 2022 को चन्दन पुत्र बालकिशन निवासी होली मोहल्ला एमजी रोड़ थाना टूण्डला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

## फीस वसूलकर रोके प्रवेश पत्र, परीक्षा से वंचित रहीं छात्राएं; प्रधानाचार्य हिरासत में

**बरेली ।**

बोर्ड परीक्षा के दिन जहां छात्राओं की आंखों में सफलता के सपने थे, वहीं स्कूल गेट पर ही वे टूट गए। भुता क्षेत्र के गंगापुर डभौरा गांव स्थित सहोद्रा देवी इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट व हाईस्कूल की कई छात्राएं बुधवार को परीक्षा नहीं दे सकीं। आरोप है कि पूरी फीस जमा करने के बावजूद प्रधानाचार्य ने प्रवेश पत्र जारी नहीं किए। मामला बढ़ने पर छात्राएं अभिभावकों के साथ थाने पहुंचीं, जहां पुलिस ने आरोपित प्रधानाचार्य को हिरासत में ले लिया।

छात्राओं व परिजनों का कहना है कि सत्र की शुरूआत में ही निर्धारित फीस जमा करा दी गई थी। आरोप है कि प्रधानाचार्य कमलेश कुमार ने हाईस्कूल छात्राओं से 4500 रुपये और इंटरमीडिएट छात्राओं से 7200 रुपये वसूले, लेकिन बार-बार मांगने के बावजूद प्रवेश पत्र नहीं दिए। बुधवार को हिंदी विषय की बोर्ड परीक्षा थी। छात्राएं परीक्षा केंद्र पहुंचीं, मगर प्रवेश पत्र न होने के कारण उन्हें कक्ष में प्रवेश नहीं मिला। इससे उनका एक वर्ष दांव पर लग गया।

विरोध करने पर छात्राओं ने प्रधानाचार्य पर अभद्रता का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि प्रवेश पत्र मांगने पर उन्हें धक्का देकर स्कूल से बाहर निकाल दिया गया और जान से मारने की धमकी भी दी गई। कक्षा 12 की छात्राएं प्रियंका व नैंसी तथा हाईस्कूल की छात्राएं चांदनी, कुसुम, मोहिनी और खुशी अभिभावकों के साथ भुता थाने पहुंचीं और तहरीर दी।

## उत्तर रेलवे के नए महाप्रबंधक राजेश कुमार पांडे ने संभाला कार्यभार

**मुरादाबाद।**

उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बुधवार को बताया कि भारतीय रेलवे सिग्नल इंजीनियरिंग सेवा के 1989 बैच के एक प्रतिष्ठित अधिकारी राजेश कुमार पांडे ने बुधवार को आधिकारिक तौर पर उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण

# बेमौसम बूंदाबांदी से गेहूं और सरसों की फसल पर छाया संकट

## गेहूं-सरसों की खड़ी फसल देख किसानों की बढ़ी चिंता

**धीरज सोनी**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**लालगोपालगंज प्रयागराज।** मौसम के बदलते मिजाज ने क्षेत्र के किसानों की धड़कनें बढ़ा दी हैं। एक ओर किसान बेहतर उत्पादन की उम्मीद लगाए बैठे है वहीं बेमौसम बूंदाबांदी ने उनकी चिंताओं में इजाफा कर दिया है। गुरुवार सुबह से ही आसमान पर घने बादल छाए रहे। दिनभर बदरी बनी रही और शाम होते ही रुक-रुक कर शुरू हुई बारिश ने किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें गहरा दीं। लालगोपालगंज, इमामगंज, बड़ूकपुर, अंधियारी ,स्टेशन रोड



और निन्दुरा समेत आसपास के ग्रामीण इलाकों में रबी सीजन की फसल खेतों में तैयार खड़ी है। सरसों, मटर ,चना और गेहूं की फसल इस समय नाजुक अवस्था में है। खेतों में खड़ी लहलहाती पीली सरसों या तो पकने की स्थिति में है या पूरी तरह फूलों से लदी हुई है। ऐसे समय में हल्की बारिश भी फसल को नुकसान पहुंचा सकती है। काले बादलों की गड़गड़ाहट और रुक-रुक कर हो रही बूंदाबांदी को देख काश्तकारों में फसल खराब होने का डर साफ झलक रहा है। किसानों का कहना है कि यदि मौसम इसी तरह बना रहा तो उत्पादन पर सीधा असर पड़ेगा जानकारों के अनुसार अनुसार बेमौसम बारिश और बढ़ी हुई नमी फसलों के लिए हानिकारक साबित हो सकती है सरसों में फूल झड़ने का खतरा बढ़ जाता है, वहीं नमी के कारण कीट एवं रोगों का प्रकोप भी बढ़ सकता है।

गेहूं की फसल में भी अधिक नमी से दानों की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका रहती है।

## उप्र के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अपने सरकारी आवास पर 101 बटुकों का किया सम्मान



**लखनऊ।**
उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर 101 बटुकों का सम्मान किया। उपमुख्यमंत्री ने अपनी पत्नी नम्रता पाठक के साथ मिलकर आवास पर आए 101 बटुकों के माथे पर तिलक लगाया और पुष्प वर्षा कर उन्हें सम्मानित किया। बटुकों से उन्होंने आशीर्वाद भी प्राप्त किया।

उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने एक समाचार चैनल से बात करते हुए प्रयागराज घटना पर सिखा खींचने को पाप बताया था। उसके बाद आज उन्होंने बटुकों का सम्मान किया है।

# फार्मर रजिस्ट्री के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता पर 15 मार्च तक पूर्ण करायें- डीएम

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में गुरूवार को संगम सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड (राजस्व) राजस्व कार्यो, राजस्व वादों, कर-करेत्तर व राजस्व वसूली की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गयी तथा सभी सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सीएम डैशबोर्ड की रैकिंग अत्यंत महत्वपूर्ण है। अतः जिन भी राजस्व से सम्बंधित प्रकरणों की सीएम डैशबोर्ड पर रैकिंग बी, सी, डी है, उन्हें प्राथमिकता पर निस्तारित करते हुए रैकिंग को ए श्रेणी में लाये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने सभी अपर जिलाधिकारियों को अपनी-अपनी तहसीलों के लम्बित वादों का नियमित रूप से अनुश्रवण करने एवं शीघ्रता से निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को नियमित रूप से न्यायालय में वादों की सुनवाई करने एवं वादों का शीघ्रता का निस्तारण करने हेतु कहा है। उन्होंने अभिलेख त्रुटि सुधार से सम्बंधित 1 वर्ष से लम्बित प्रकरणों को निस्तारित करते हुए शून्य किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने उपजिलाधिकारियों को कृषक दुर्घटना से सम्बंधित 390 लम्बित प्रकरणों को 27 फरवरी तक निस्तारित करने का निर्देश दिया है।

जिलाधिकारी ने बैठक में राजस्व से संबंधित सभी अधिकारियों को नियमित रूप से कोर्ट में बैठने एवं मुकदमो की नियमित सुनवाई करते हुए वादों का निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी राजस्व से संबंधित अधिकारियों को 3 एवं 5 वर्ष से अधिक समय से लंबित वादों को शीर्ष प्राथमिकता पर रखते हुए जल्द से जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि 6 माह से अधिक समय से लम्बित वादों के निस्तारण का लक्ष्य निर्धारित करते हुए उनको भी शीघ्रता से निस्तारित किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि धारा-34, धारा-67, धारा-116 के मामले जो कि छः माह से अधिक समय से लम्बित है, उन्हें शीघ्रता से निस्तारित करने के निर्देश दिए है। धारा-80 के मामलों की प्रतिदिन समीक्षा करते हुए जो भी मामले लम्बित है, उन्हें तत्काल निस्तारित करने के निर्देश दिए है।

जिलाधिकारी ने तहसीलों का काम समयबद्ध और बेहतर तरीके से कार्य करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि राजस्व मुकदमों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से किया जाये, जमीनी विवादों का निस्तारण मौके पर जाकर किया जाये, किसी भी हाल में जनता के साथ अन्याय न होने पायें। भूमि सम्बन्धित विवादों को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष तरीके से गुणवत्ता के साथ निस्तारण सुनिश्चित किया जाय।

बैठक में जिलाधिकारी ने समीक्षा करते हुए सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित



किए जाने के साथ-साथ आर0सी0 की वसूली में भी तेजी लाये जाने निर्देश दिए है। जिलाधिकारी कहा कि सभी संबंधित विभाग लक्ष्य के सापेक्ष वसूली सुनिश्चित करे, शत-प्रतिशत वसूली न करने वालों की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

उन्होंने लक्ष्य के सापेक्ष कम राजस्व वसूली वाले विभागों के अधिकारियों को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने आबकारी, राज्यकर, परिवहन, विद्युत, नगर निगम, मंडी, बांट माप, स्टाम्प, राजस्व सहित अन्य विभागों की वसूली और प्रवर्तन कार्यों की जानकारी लेते हुए सभी विभागों को शत-प्रतिशत राजस्व वसूली करने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि सभी विभाग अपने निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करें, ताकि सरकारी राजस्व में वृद्धि सुनिश्चित हो। उन्होंने संबंधित विभागों से कहा कि वास्तविक वसूली और दस्तावेजी आंकड़ों में अंतर नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विभागों की आर0सी0 वसूली के आंकड़ों व पोर्टल में अपलोड आंकड़ों में कोई अंतर न हो। उन्होंने कहा कि सभी सम्बंधित विभाग अपने विभाग से सम्बंधित बड़े आर0सी0 बकायेदारों के बारे में जानकारी रखने के साथ आर0सी0 वसूली के लिए अपेक्षित कदम उठाते रहने के लिए कहा है।

बैठक में जिलाधिकारी फार्मर रजिस्ट्री के कार्य की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि सभी उपजिलाधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी समन्वय बनाकर फार्मर रजिस्ट्री के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पीएम किसान के अतिरिक्त अन्य किसानों का 15 मार्च तक फार्मर आईडी बनाये जाने के कार्य को पूर्ण कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने पंचायत सहायक/रोजगार सेवक, जनसेवा केन्द्र के संचालक, कोटेदार आदि के माध्यम से टीम बनाकर प्रतिदिन 10 हजार फार्मर आईडी बनाये जाने का लक्ष्य रखते हुए कार्य को पूर्ण कराये जाने के लिए कहा है।

उन्होंने किसानों से फार्मर आईडी बनवाये जाने के कार्य में सहयोग करने के लिए कहा है। कहा कि जिन किसानों के पास फार्मर आईडी नहीं होगी, उन्हें पीएम सम्मान निधि, राशन सहित अन्य योजनाओं के लाभ से वंचित होना पड़ सकता है।

बैठक में जिलाधिकारी पीएम सूर्यघर योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी उपजिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारियों व अन्य विभागों को लक्ष्य निर्धारित करते हुए सम्बंधित कार्मिकों के माध्यम से सोलर सिस्टम लगवाये जाने के लिए कहा है। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी से पीएम सूर्यघर योजना की प्रगति की प्रतिदिन समीक्षा करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्यघर योजना एक अति महत्वपूर्ण योजना है, जिसमें प्रथम बार पैसा लगाना है, लोन भी आसानी से प्राप्त होगा, सब्सिडी खाते में मिलती रहेगी तथा बिजली के बिल में कमी आयेगी। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारियों से ग्राम प्रधानों का सहयोग लेते हुए प्रत्येक ग्राम प्रधान को अपने यहां पर पीएम सूर्यघर योजना के तहत सोलर सिस्टम लगवाये जाने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा है, जिससे कि अन्य लोग भी प्रेरित होकर इस योजना का लाभ उठाये। उन्होंने कहा कि यदि कोई जागरूक ग्राम प्रधान ग्राम सभा के लोगो को जागरूक कर यदि पूरे गांव में सोलर सिस्टम लगवायेगा, तो सम्बंधित ग्राम को सोलर ग्राम घोषित किया जायेगा तथा पुरस्कृत भी किया जायेगा। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता नोडल को स्मार्ट मीटरों की सूची उपलब्ध कराये जाने के लिए कहा है, जिससे उनसे सम्पर्क कर सोलर सिस्टम लगवाया जा सके।

जिलाधिकारी ने फैमिली आईडी बनाये जाने के कार्य की समीक्षा करते हुए सभी खण्ड विकास अधिकारियों को प्रतिदिन 5 हजार फैमिली आईडी बनाये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी से फैमिली आईडी बनाये जाने के कार्य में धीमी प्रगति वाले सम्बंधित खण्ड विकास अधिकारियों का वेतन रोके जाने तथा उनसे स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए है। उन्होंने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर फैमिली आईडी बनाये जाने के कार्य में सी श्रेणी को ए श्रेणी में लाये जाने के निर्देश दिए है।

## उप्र के औरैया में नहर में गिरी कार,दंपति-पुत्र समेत तीन की मौत

**औरैया।**



उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद के अछल्दा थाना क्षेत्र में बुधवार/गुरुवार की दरमियानी रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में निचली गंग नहर में कार गिरने से दो पुरुषों और एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई। हादसा रूराझसैफई मार्ग किनारे स्थित तुरुकपुर गांव के पास हुआ है।

घटना की जानकारी गुरुवार सुबह करीब सात बजे राहगीरों ने नहर में कार के टायर दिखाई देने पर अनहोनी की आशंका पर हुई। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। अछल्दा थाना प्रभारी पंकज मिश्रा पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और रेस्क्यू कार्य शुरू कराया। ग्रामीणों की मदद से ट्रैक्टर के जरिए कार को नहर से बाहर निकाला गया। कार के अंदर दो पुरुष और एक महिला फंसे हुए थे। तीनों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अछल्दा ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने सभी को मृत घोषित कर दिया।

मौके पर पहुंचे जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि ग्रामीणों ने नहर में कार को देखा तो तत्काल डायल 112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार को नहर से बाहर निकलवाया। कार के अंदर एक महिला और दो पुरुष मृत अवस्था में मिले।

# तहसील सदर का डीएम ने किया औचक निरीक्षण किया

### सभी पुराने लम्बित प्रकरणों को नियमित सुनवाई करते हुए प्राथमिकता पर निस्तारित करने के दिए निर्देश

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** डीएम मनीष कुमार वर्मा ने गुरूवार को तहसील सदर परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश दिये हैं। उन्होंने तहसील परिसर में स्थित उपजिलाधिकारी, तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार के कार्यालय सहित अन्य कार्यालयों एवं पटल का भ्रमण कर प्रशासनिक कार्यों, अभिलेखों का रख-रखाव, पत्राचार, पुराने प्रकरणों के निस्तारण की स्थिति, जनसुनवाई व्यवस्था और कार्मिकों की कार्यप्रणाली की जांच करते हुए आवश्यक निर्देश दिये हैं। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से उनसे सम्बंधित कार्यों के बारे में जानकारी ली और सभी सम्बंधित अधिकारियों को प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने तहसील परिसर एवं सभी कक्षों में साफ-सफाई की अच्छी व्यवस्था और पत्रावलियों के रखरखाव को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालयी अनुशासन और कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने जनता दर्शन की सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय से यथोचित निर्णय लेते हुए प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए है।

उन्होंने उपजिलाधिकारी सदर से सभी पुराने लम्बित प्रकरणों को नियमित सुनवाई करते हुए प्राथमिकता पर निस्तारित करने के लिए कहा है। उन्होंने उप जिलाधिकारी कोर्ट में सबसे पुराने समय से लम्बित फाइलों की जानकारी लेते हुए 15 वर्ष से लम्बित धारा-233 से सम्बंधित सबसे पुरानी फाइल को निकलवाकर देखा तथा उपजिलाधिकारी सदर को डीडीसी का पक्ष लेते हुए निस्तारित किए जाने के लिए कहा। उन्होंने फाइल में आर्डर सीट क्रम से नहीं लगाये जाने तथा अद्यतन नहीं पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए पेशकार मकसूद अहमद प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने हेतु निर्देशित किया है। उन्होंने धारा-116, 229बी एवं अन्य धाराओं से सम्बंधित सबसे पुराने प्रकरणों की तीन-तीन फाइलों का अवलोकन किया तथा उन्हें शीघ्रता से निस्तारित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि धारा-24 कोई फाइल छः माह से अधिक लम्बित न रहे। उन्होंने पांच वर्ष व 3 वर्ष से अधिक पुराने समय से लम्बित फाइलों की छंटनी कराये जाने तथा ऐसे पुराने समय से लम्बित प्रकरणों में नियमित सुनवाई करते हुए इन्हें प्राथमिकता पर निस्तारित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने उपजिलाधिकारी कोर्ट में फाइलों का उचित रख-रखाव व साफ-सफाई कराये जाने के लिए कहा है।

डीएम ने तहसीलदार से सम्बंधित कोर्ट का



निरीक्षण किया तथा पत्रावलियों का रख-रखाव एवं उनके निस्तारण की स्थिति को देखा। उन्होंने तहसीलदार कोर्ट में सबसे पुरानी लम्बित धारा-35 म्यूटेशन से सम्बंधित फाइल को निकलवाकर देखा तथा सम्बंधित प्रकरण को जल्द से जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने पांच साल व तीन साल से अधिक सभी पुराने लम्बित प्रकरणों को एक साथ सूचीबद्ध करते हुए नियमित सुनवाई पर लगाकर ऐसे प्रकरणों को प्राथमिकता पर निस्तारित करने के लिए कहा है। उन्होंने अंश निर्धारण, वरासत, धारा-32/38, धारा-24 आदि से सम्बंधित अविवादित प्रकरणों में सम्बंधित पक्षों की सुनवाई करते हुए तत्काल निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया है।

जिलाधिकारी ने तहसील परिसर स्थित नजारत अनुभाग का निरीक्षण किया तथा साफ-सफाई की अच्छी स्थिति न होने, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण-पत्र से सम्बंधित फाइलों का उचित रख-रखाव न होने तथा कार्यालय में ही निष्प्रयोज्य हो चुके सामानों के रखे पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यालय की साफ-सफाई कराये जाने, निष्प्रयोज्य सामानों को हटवाये जाने तथा बिडिंग योग्य फाइलो को विडआउट किए जाने के लिए कहा है।

जिलाधिकारी ने अभिलेखागार, संग्रह अनुभाग सहित अन्य कक्षों का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। उन्होंने अभिलेखागार के क्रमांक 135 पर बेली उपरहार का बक्सा निकलवाकर देखते हुए फाइलों को बस्ता सूची के अनुसार व्यवस्थित ढंग से टेपिंग/बाइडिंग कराकर उन्हें सुरक्षित ढंग से रखे जाने के लिए निर्देश दिए है। उन्होंने सभी खतौनियों को ऑनलाइन फीड भी कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि जिन खतौनियों में सरकारी कार्यालय, सरकारी आवास या अन्य कोई सरकारी भवन स्थित है, उन्हें सम्बंधित खतौनियों में दर्ज कर लिया जाये। उन्होंने संग्रह अनुभाग का निरीक्षण किया तथा तहसील के सबसे बड़े बकायेदारों की जानकारी ली और उन्होंने वसूली योग्य टॉप टेन बड़े बकायेदारों की सम्पत्ति का मूल्यांकन के पश्चात उसकी नीलामी की कार्यवाही करने के लिए कहा है। उन्होंने प्रत्येक सप्ताह वसूली सूची की साप्ताहिक दाखिला को अद्यतन रखने के निर्देश दिए है।

जिलाधिकारी ने राजकीय आस्थान से सम्बंधित कार्यालय का निरीक्षण करते हुए सार्वजनिक उपयोग एवं पट्टेदारों की भूमि से सम्बंधित रजिस्टर का अवलोकन किया। उन्होंने अपर जिलाधिकारी नजूल को सरकारी भूमियों की नक्शे पर मैपिंग कराये जाने तथा सम्बंधित भूमि पर क्या है, उनका भौतिक सत्यापन करवाये जाने के लिए कहा है। उन्होंने अवैध कब्जे से सम्बंधित प्राप्त होने वाली शिकायतों का अलग से रजिस्टर बनाये जाने के लिए कहा है।

उन्होंने सभी पटल सहायकों को समय से उपस्थित होने तथा उनसे सम्बंधित कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से समयसीमा में निस्तारित करने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने तहसील परिसर में भवनों के जर्जर हिस्सों के मरम्मतीकरण हेतु व्यय का आगणन कराकर प्रस्ताव भेजे जाने के लिए कहा है। उन्होंने तहसील परिसर में पेयजल व साफ-सफाई की अच्छी व्यवस्था कराये जाने के लिए कहा है।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर सत्यम मिश्र, उप जिलाधिकारी सदर अभिषेक सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे ’

# चीन और नॉर्थ अमेरिका में ईवी की मांग सबसे कमजोर, बिक्री में आई गिरावट

**नई दिल्ली ।**

दुनियाभर में जनवरी 2026 में इलेक्ट्रिक कारों की रजिस्ट्रेशन सालाना आधार पर करीब 3 प्रतिशत घटकर लगभग 12 लाख यूनिट पर आ गई। इसमें बैटरी इलेक्ट्रिक और प्लग-इन हाइब्रिड दोनों तरह की गाड़ियां शामिल हैं। यह आंकड़ा कंसल्टेंसी फर्म बेंचमार्क मिनरल इंटेलिजेंस और मीडिया रिपोर्ट से सामने आया है। साल 2026 इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए अच्छी शुरुआत नहीं लेकर आया। बिक्री में गिरावट की सबसे बड़ी वजह चीन और नॉर्थ अमेरिका जैसे बड़े बाजारों में कमजोर मांग बताई जा रही है, जहां नीतियों में बदलाव और सब्सिडी में कटौती ने सीधे खरीदारों का रुझान कम किया है। विशेषज्ञों के अनुसार इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर मिलने वाले सरकारी इंसेंटिव कई देशों में कम या खत्म कर दिए गए हैं। चीन और यूरोपीय यूनियन ने भी पहले दिए जाने वाले कई नियम और लाभ वापस ले लिए, जिनसे ईवी बिक्री तेज़ी से बढ़ रही थी। जैसे-जैसे ये सुविधाएं कम हुईं, उपभोक्ताओं की रुचि भी घटने लगी।

वहीं हाइब्रिड कारों को लेकर लोगों की दिलचस्पी बढ़ी है, क्योंकि ये पेट्रोल-डीजल और पूरी तरह इलेक्ट्रिक वाहनों के बीच का संतुलित और अपेक्षाकृत किफायती विकल्प देती हैं। चीन में जनवरी महीने में ईवी रजिस्ट्रेशन लगभग 20प्रतिशत गिरकर 6 लाख यूनिट से नीचे पहुंच गया, जो करीब दो साल की सबसे कम मासिक बिक्री है। सब्सिडी कटौती और नई खरीद टैक्स नीतियों ने यहां बाजार को भारी प्रभावित किया। नॉर्थ अमेरिका की स्थिति और भी खराब रही, जहां ईवी रजिस्ट्रेशन में 33 प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। इसके उलट, यूरोप एकमात्र बड़ा क्षेत्र रहा जहां ईवी बिक्री में वृद्धि देखने को मिली। जनवरी में यहां इलेक्ट्रिक गाड़ियों की रजिस्ट्रेशन लगभग 24 प्रतिशत बढ़कर 3.20 लाख यूनिट से अधिक हो गई। हालांकि यह वृद्धि भी पिछले वर्ष की तुलना में सबसे धीमी रही। अन्य वैश्विक बाजारों में तस्वीर कुछ बेहतर रही। थाईलैंड में सरकारी इंसेंटिव, दक्षिण कोरिया और ब्राजील जैसे देशों में बढ़ती मांग के चलते ईवी रजिस्ट्रेशन 92 प्रतिशत उछलकर करीब 1.90 लाख यूनिट के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। कमजोर मांग का असर कंपनियों पर भी दिखाई दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी बाजार पर निर्भर बड़ी ऑटो कंपनियों को पिछले वर्ष में लगभग 55 अरब डॉलर का नुकसान झेलना पड़ा।

# कारों में फिजिकल स्विच को अनिवार्य बनाएगा चाइना

**नई दिल्ली ।**

कारों के लिए चाइनीज सरकार अब महत्वपूर्ण सेफ्टी फंक्शन्स के लिए फिजिकल स्विच को अनिवार्य बनाने की तैयारी कर रही है। ताजा रिपोर्ट के मुताबिक यह कदम ड्राइवर की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया जा रहा है। हाल के वर्षों में टेस्ला, बीवायडी और शाओमी जैसी कंपनियों ने क्लीन, मिनिमलिस्ट और स्क्रीन-डॉमिनेटेड केबिन पेश किए हैं, जिनमें फिजिकल कंट्रोल्स बेहद कम होते हैं। कई मॉडल्स में तो इमर्जेंसी में इस्तेमाल होने वाला हैजर्ड लाइट बटन भी टचस्क्रीन पर दिया जा रहा है, जिससे सॉफ्टवेयर-आधारित सिस्टम पर निर्भरता काफी बढ़ गई है। यह प्रवृत्ति ड्राइविंग के दौरान ध्यान भटकने और दुर्घटनाओं की संभावनाओं को बढ़ाती है।

प्रस्तावित नियमों के अनुसार चीन का उद्योग और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय अब टर्न सिग्नल, हैजर्ड लाइट, गियर सेलेक्टर और इमर्जेंसी कॉलिंग जैसे फीचर्स के लिए अनिवार्य रूप से अलग और कम से कम 10 मिमी गुणा 10 मिमी आकार वाले फिजिकल बटन्स रखने को बाध्य करेगा। इससे कार निर्माताओं को अपने मॉडल्स का इंटीरियर फिर से डिजाइन करना होगा और टचस्क्रीन कंट्रोल्स को हटा कर पारंपरिक बटन वापिस जोड़ने पड़ेंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि ड्राइविंग के दौरान टचस्क्रीन का उपयोग ड्राइवर के रिएक्शन टाइम को बढ़ा देता है, जो हाई-स्पीड ड्राइविंग में खतरनाक साबित होता है। सड़क से पलभर के लिए नजर हटाने से भी लेन में बने रहने की क्षमता प्रभावित होती है और स्टेबिलिटी कम होती है। अगर स्क्रीन धीमी चले या हैंग हो जाए, तो स्थिति और अधिक खतरनाक हो सकती है। इन्हीं जोखिमों को देखते हुए चीन में बड़े बदलाव की तैयारी चल रही है।

सरकार चाहती है कि तकनीक का उपयोग बढ़े, लेकिन ड्राइवर और यात्रियों की सुरक्षा किसी भी कीमत पर कम न हो। नए नियम लागू होने पर गाड़ियों में दोबारा से फिजिकल कंट्रोल्स का दौर लौटता दिख सकता है, जिससे ड्राइविंग और यात्राएं अधिक सुरक्षित बन सकेंगी। बता दें कि कार कंपनियों में तेजी से बढ़ रहा टचस्क्रीन-आधारित कंट्रोल्स का ट्रेंड अब सेफ्टी चिंताओं की वजह से सवालों के घेरे में आ गया है। कई नई कारों में एसी, क्लाइमेट कंट्रोल और जरूरी फंक्शन्स के फिजिकल बटन्स लगभग गायब हो चुके हैं। कुछ उपभोक्ताओं को टचस्क्रीन पसंद जरूर आती है, लेकिन सुरक्षा विशेषज्ञ मानते हैं कि फिजिकल बटन ज्यादा सुरक्षित और उपयोग में आसान होते हैं।

# डीजल 7-सीटर एसयूवी बनी हुई है ग्राहकों की पहली पसंद

**नई दिल्ली ।**



एसयूवी सेगमेंट में डीजल 7-सीटर एसयूवी भारतीय ऑटो बाजार में आज भी ग्राहकों की पहली पसंद बनी हुई हैं। बाजार में कई विकल्प मौजूद हैं, जिनमें खरीददार अपनी जरूरत और बजट के हिसाब से चुनाव कर सकते हैं। लंबी दूरी की यात्राओं, परिवार के उपयोग और मजबूत परफॉर्मेंस की जरूरत को देखते हुए महिंद्रा और टाटा जैसी कंपनियां इस सेगमेंट में अपने मॉडल्स पर भरोसा बनाए हुए हैं। महिंद्रा बोलेरो लंबे समय से भरोसे और मजबूती का प्रतीक रही है। इसका 1.5 लीटर डीजल इंजन पर्याप्त पावर और अच्छा माइलेज देता है, जबकि इसका मजबूत डिजाइन खराब सड़कों पर भी बेहतरीन प्रदर्शन करता है।

वहीं बोलेरो नियो इस पारंपरिक डीएनए को आधुनिक लुक और फीचर्स के साथ नए रूप में पेश करती है। बेहतर इंटीरियर, ज्यादा पावर और शहरी ग्राहकों को ध्यान में रखकर किए गए बदलाव इसे संतुलित विकल्प बनाते हैं। टाटा सफारी प्रीमियम फैमिली एसयूवी के रूप में अपनी पहचान बनाए हुए है। इसका 2.0 लीटर डीजल इंजन, विशाल केबिन और आरामदायक तीसरी रो इसे पारिवारिक यात्राओं के लिए उपयुक्त बनाते हैं। इसी तरह महिंद्रा स्कॉर्पियो क्लासिक और स्कॉर्पियो एन रफ-टफ डिजाइन और मजबूत परफॉर्मेंस के साथ ऑफ-रोडिंग और ग्रामीण इलाकों के ग्राहकों को आकर्षित करती हैं। स्कॉर्पियो एन आधुनिक फीचर्स और पावरफुल इंजन के कारण युवाओं के बीच ज्यादा लोकप्रिय है। कम बजट और मजबूती चाहिए तो बोलेरो, मॉडर्न फीचर्स के लिए बोलेरो नियो, प्रीमियम फैमिली अनुभव के लिए सफारी, रफ-टफ और ऑफ-रोडिंग के लिए स्कॉर्पियो एन और हाई-टेक लग्जरी के लिए एक्सयूवी 700 सबसे उपयुक्त विकल्प हैं। महिंद्रा एक्सयूवी 700 सेगमेंट में टेक्नोलॉजी और लग्जरी का मिश्रण पेश करती है। इसका एडवांस्ड सेफ्टी पैकेज, ताकतवर इंजन और हाई-टेक इंटीरियर इसे प्रीमियम एसयूवी चाहने वालों के लिए बेहतरीन विकल्प बनाते हैं।

# यूपीआई से लेन-देन में बढ़त....फिर भी तेजी से बढ़ रहा मुद्रा का चलन

मुंबई। देश में करेंसी सर्कुलेशन जनवरी 2026 के अंत तक बढ़कर रिकॉर्ड 40 लाख करोड़ के करीब पहुंच गया है। इसमें सालाना आधार पर 11.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो कि बीते साल समान अवधि में 5.3 प्रतिशत थी। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि जनता के पास करेंसी (सीडब्ल्यूपी) की हिस्सेदारी कुल करेंसी सर्कुलेशन में 97.6 प्रतिशत (करीब 39 लाख करोड़ रुपए) हो गई है। रिपोर्ट में बताया गया कि देश में यूपीआई के कारण डिजिटल लेनदेन तेजी से बढ़ा है और इससे कैश-टू-जीडीपी रेश्यो में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। रिपोर्ट के मुताबिक,देश में एक महीने में होने वाले यूपीआई लेनदेन की वैल्यू करीब 28 लाख करोड़ रुपए है, जो कि देश के कुल करेंसी स्टॉक का करीब 70 प्रतिशत है, जो कि दिखाता है कि देश में बड़ी संख्या में लोग डिजिटल पेमेंट्स कर रहे हैं। वहीं, देश का कैश-टू-जीडीपी रेश्यो वित्त वर्ष 26 में कम होकर 11 प्रतिशत हुआ है, जो कि वित्त वर्ष 21 में 14.4 प्रतिशत पर था। रिपोर्ट में कहा गया है, करेंसी और जीडीपी में परिवर्तन की दिशा भले ही एक जैसी हो, लेकिन जीडीपी की वृद्धि को अब नकदी के बजाय यूपीआई के माध्यम से अधिक हो रही है। सीआरआर में कटौती के कारण चालू वित्त वर्ष में आरबीआई के पास बैंकर्स डिपॉजिट में 1.86 लाख करोड़ रुपए की कमी आई, जिसके परिणामस्वरूप रिजर्व मनी की वृद्धि घटकर 5.8 प्रतिशत रह गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2015 से वित्त वर्ष 2025 के बीच बैंकों में जमा और ऋण लगभग तीन गुना बढ़ गए, जो बैंकिंग प्रणाली के सुदृढ़ीकरण और ऋण मध्यस्थता में सुधार का संकेत है। वित्त वर्ष 2015 से वित्त वर्ष 2025 के दौरान जमा राशि 85.3 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 241.5 लाख करोड़ रुपए हो गई और ऋण 67.4 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 191.2 लाख करोड़ रुपए हो गई है।

# बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

## सेंसेक्स 283 अंक चढ़ा, निफ्टी 25800 के पार

**नई दिल्ली।**

हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन यानी बुधवार को शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। बैंक, धातु और एफएमसीजी शेयरों में अंतिम समय की खरीदारी के चलते बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी ने बुधवार को लगातार तीसरे सत्र में अपनी बढ़त जारी रखी। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 283.29 अंक या 0.34 प्रतिशत बढ़कर 83,734.25 पर बंद हुआ। दिन के दौरान इसने 83,770.05 का उच्चतम स्तर छुआ। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 93.95 अंक या 0.37 प्रतिशत बढ़कर 25,819.35 पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा स्टील, आईटीसी, एक्सिस बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, हिंदुस्तान यूनिलीवर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, अल्ट्राटेक सीमेंट, ट्रेंट, सन फार्मास्यूटिकल्स और कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख लाभ कमाने वाली कंपनियां थीं। दूसरी ओर, इटरनल, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, अदानी पोर्ट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इंडिगो, एशियन पेंट्स, मारुति सुजुकी इंडिया पावरग्रिड और एचडीएफसी बैंक पिछड़ गए।




**यूरोपीय बाजारों में दिखी बढ़त**

एशियाई बाजारों में, जापान का निक्केई 225 बेंचमार्क 1 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। इस बीच, चंद्र नव वर्ष की छुट्टियों के कारण चीन, हांगकांग और दक्षिण कोरिया के शेयर बाजार बंद रहे। सत्र के मध्य में यूरोपीय बाजारों में तेजी देखी गई। मंगलवार को अमेरिकी शेयर बाजार सकारात्मक दायरे में बंद हुआ।

## रुपया गिरावट के साथ बंद



**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपया दो पैसे की गिरावट के साथ ही 90.69 पर बंद हुआ। वहीं गत दिवस ये 90.67 पर बंद हुआ था। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि मजबूत डॉलर और विदेशी पूंजी की निकासी ने हालांकि स्थानीय मुद्रा की बढ़त को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.72 पर खुला। हालांकि बाद में फिसलकर 90.73 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव से एक पैसा की बढ़त दिखाता है। रुपया गत दिवस सोमवार को आठ पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.74 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.23 फीसदी की बढ़त के साथ 97.14 पर रहा।




## अमेरिका में यूट्यूब प्लेटफॉर्म अचानक बंद, यूजर्स ने की शिकायतें

**वाशिंगटन।** अमेरिका में यूट्यूब प्लेटफॉर्म अचानक बंद हो गया, जिससे लाखों यूजर्स परेशान हुए। रिपोर्ट के मुताबिक 3,21,958 लोगों ने यूट्यूब पर दिक्कत होने की जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक मंगलवार को यूट्यूब टीवी पर 8,923 यूजर्स ने समस्या दर्ज की, जबकि गूगल से जुड़े 2,694 मामले सामने आए। उपयोगकर्ताओं ने वीडियो स्ट्रीमिंग, ऐप खोलने और लॉगिन करने में कठिनाई की शिकायत की। इस घटना के बाद सोशल मीडिया और अन्य प्लेटफॉर्म पर यूजर्स ने अपने अनुभव साझा किए, जिसमें कई लोग कह रहे थे कि वीडियो स्ट्रीम नहीं हो रहे थे और चैनल या सब्सक्रिप्शन पेज भी लोड नहीं हो रहे थे। इस समय गूगल ने इस आउटेज पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। विशेषज्ञों के मुताबिक ऐसी तकनीकी बाधाएं कभी-कभी सर्वर या नेटवर्क में अस्थायी गड़बड़ी के कारण होती हैं।

## नई नोवा फुल-फेस हेलमेट सीरीज पेश

**नई दिल्ली ।** वाहन चालकों की सुरक्षा के मद्देनजर एसएमके हेलमेट्स ने अपनी नई नोवा फुल-फेस हेलमेट सीरीज पेश की है। कंपनी ने इसे किफायती कीमत पर उपलब्ध कराया है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग सेफ्टी को प्राथमिकता दे सकें। नोवा सीरीज दो वेरिएंट सॉलिड और ट्रैक में लॉन्च की गई है। सॉलिड मॉडल की शुरुआती कीमत 4,000 रुपये और ट्रैक वेरिएंट 4,300 रुपये से शुरू होता है। एक्सएस से एक्सएक्सएल तक के साइज में उपलब्ध ये हेलमेट देशभर के अधिकृत डीलर्स और एक्सेसरी स्टोर्स पर ग्लॉस और मैट फिनिश में खरीदे जा सकते हैं। हेलमेट को एनर्जी इम्पैक्ट रेसिस्टेंट थर्मोप्लास्टिक शेल से बनाया गया है, जो दुर्घटना के समय सिर को मजबूत सुरक्षा प्रदान करता है। मल्टी-डेंसिटी ईपीएस लाइनर झटकों को अवशोषित करने में मदद करता है। यह हेलमेट ईसीई 22.06, डीओटी और आईएसआई जैसे अंतरराष्ट्रीय व भारतीय सुरक्षा मानकों पर खरा उतरता है। वाइजर ऑप्टिकली करेक्ट और स्क्रैच-रेसिस्टेंट है, साथ ही फॉगिंग रोकने के लिए पिनलॉक 30 इंसर्ट दिया गया है। क्विक-रिलीज वाइजर सिस्टम और बेहतर वेंटिलेशन राइडिंग अनुभव को आरामदायक बनाते हैं। ब्रीदेबल, हाइपोएलर्जेनिक और वॉशेबल इंटीरियर इसे और सुविधाजनक बनाता है। भारत में आईएसआई मार्क वाला हेलमेट पहनना अनिवार्य है।

## मोटरसाइक्लिंग प्रेमियों के लिए आकर्षक डेस्टिनेशन बना कच्छ का रण

**नई दिल्ली ।**

गुजरात के कच्छ का रण अब मोटरसाइक्लिंग प्रेमियों के लिए भी आकर्षक डेस्टिनेशन बन गया है। लगातार दूसरे साल टीवीएस मोटर कंपनी ने रान उत्सव के साथ साझेदारी को मजबूत करते हुए इसे मोटरसाइक्लिंग आधारित एक्सपीरिएंशियल टूरिज्म के बड़े मंच के रूप में स्थापित किया है। इस पहल का उद्देश्य राइडिंग, मोटरस्पोर्ट और कम्युनिटी एंगेजमेंट के मिश्रण से कच्छ के रण को एक ग्लोबल मोटरसाइक्लिंग डेस्टिनेशन के तौर पर पहचान दिलाना है। इस आयोजन में देश-विदेश से 100 से ज्यादा राइडर्स ने हिस्सा लिया। इटली और मैक्सिको जैसे देशों से आए इंटरनेशनल राइडर्स ने क्यूरेटेड राइड्स के जरिए रण की विशाल सफेद धरती पर रोमांचक सफर का अनुभव किया। 'रोड टू हेवन' जैसे लोकप्रिय रूट्स पर की गई राइडिंग ने इस आयोजन को और खास बना दिया। कार्यक्रम में टीवीएस अपाचे ओनर्स ग्रुप और टीवीएस रोनिन कुल टी कम्युनिटी की पहली वेस्ट चैप्टर राइड भी आकर्षण का केंद्र रही। मुंबई, पुणे, कोल्हापुर, जयपुर और अहमदाबाद से आए राइडर्स ने विभिन्न रास्तों से होते हुए रण तक पहुंचकर अपनी यात्रा के अनुभव साझा किए, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि यह इलाका मोटरसाइक्लिंग के लिए बेहद उपयुक्त है। टीवीएस के प्रीमियम एरीना में कंपनी की रेसिंग विरासत के साथ अपाचे और रोनिन रेंज की बाइक्स प्रदर्शित की गईं। स्टंट शो, फ्लैट ट्रैक ट्रेनिंग, एफएमएक्स प्रदर्शन और वुमेंस ड्रिफ्ट-आर चैंपियनशिप ने लोगों को खूब आकर्षित किया। सबसे खास रही टीवीएस रान उत्सव कस्टम सीरिज, जिसमें कच्छ की संस्कृति और प्राकृतिक रंगों से प्रेरित रोनिन और अपाचे मॉडल्स के विशेष संस्करण पेश किए गए।

# टाटा संस बोर्ड की बैठक अगले सप्ताह, एन चंद्रशेखरन के तीसरे कार्यकाल पर होगी चर्चा



**टाटा समूह में अधिकारी आमतौर पर 65 साल की आयु में होते हैं सेवानिवृत्त**

**नई दिल्ली।**

टाटा संस के निदेशक मंडल की अगले सप्ताह प्रस्तावित बैठक टाटा समूह के भविष्य के लिए अहम होगी। टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन का दूसरा कार्यकाल खत्म होने में एक साल का समय है लेकिन संभावना है कि 24 फरवरी को टाटा संस बोर्ड द्वारा उनके तीसरे पांच साल की कार्यकाल की मंजूरी पर विचार किया जा सकता है। टाटा संस के सबसे बड़े शेयरधारक टाटा ट्रस्ट्स ने चंद्रशेखरन के तीसरे कार्यकाल की सिफारिश करते हुए पिछले साल एक प्रस्ताव पारित किया था। उस बैठक में टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा और वाइस चेयरमैन वेणु श्रीनिवासन ने टाटा संस के कार्यकारी चेयरमैन के रूप में चंद्रा के कार्यकाल को अगले पांच सालों के लिए बढ़ाने का प्रस्ताव रखा था।

मीडिया रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से बताया गया है कि जब टाटा संस के बोर्ड में चंद्रा के कार्यकाल को बढ़ाने पर चर्चा की जाएगी तब उन्हें इससे खुद को अलग रखना होगा। साल 2022 में जब चंद्रा के कार्यकाल का नवीनीकरण किया गया था तब टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन और समूह के मानद चेयरमैन रतन टाटा ने टाटा संस की बोर्ड बैठक में 'विशेष आमंत्रित सदस्य' के रूप में शिरकत की थी और अगले पांच सालों के लिए चंद्रा के नाम की सिफारिश की थी।

रिपोर्ट के मुताबिक साइरस मिस्त्री को पद से हटाए जाने के चार महीने बाद चंद्रा ने 21 फरवरी, 2017 को टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा संस की कमान संभाली थी। टाटा संस के बोर्ड द्वारा चंद्रा को तीसरे कार्यकाल की मंजूरी मिलती है तो वह 2032 तक समूह का नेतृत्व कर सकते हैं। टाटा समूह में अधिकारी आमतौर पर 65 साल की आयु में सेवानिवृत्त हो जाते हैं जबकि गैर-कार्यकारी भूमिकाओं में 70 साल तक पद पर रहा जा सकता है। कार्यकारी चेयरमैन के रूप में चंद्रा को एक और कार्यकाल मिलता है तो तीसरे कार्यकाल के अंत में वह 68 साल के होंगे।

सूत्र ने कहा कि चंद्रा के नवीनीकरण के समय कार्यकारी भूमिकाओं के लिए आयु में छूट दी जा सकती है। साइरस मिस्त्री को हटाने के बाद रतन टाटा द्वारा कुछ समय के लिए कार्यकारी भूमिका संभालने के समय ऐसा ही किया गया था। जानकारों का कहना है कि चंद्रा के कार्यकाल का नवीनीकरण टाटा संस की सूचीबद्धता के मुद्दे पर भी स्पष्टता ला सकता है। टाटा ट्रस्ट्स का विचार है कि टाटा संस को सार्वजनिक सूचीबद्धता के दायरे से बाहर रखा जाना चाहिए। सितंबर 2022 में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा टाटा संस को ऊपरी स्तर की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी के रूप में नामित किया गया था।

## कोटक लाइफ ने लॉन्च किया 'कोटक सिग्नेचर लेगेसी' प्लान

**:99 वर्ष की आयु तक मिलेगा बढ़ता सुरक्षा कवच**

**मुंबई ।** कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (कोटक लाइफ) ने आज अपने नए लाइफ टर्म प्लान 'कोटक सिग्नेचर लेगेसी' के शुभारंभ की घोषणा की है। यह अभिनव योजना ग्राहकों को 99 वर्ष की आयु तक बढ़ता हुआ लाइफ कवर प्रदान करती है, जो परिवारों की दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा और एक स्थायी विरासत सुनिश्चित करने के उद्देश्य से तैयार की गई है। यह प्लान मुख्य रूप से 40 वर्ष और उससे अधिक आयु के उन व्यक्तियों की जरूरतों को पूरा करता है, जिनकी बढ़ती जिम्मेदारियों और वित्तीय प्रतिबद्धताओं के बीच वर्तमान बीमा कवर अपर्याप्त साबित हो रहा है। कोटक लाइफ के प्रबंध निदेशक महेश बालासुब्रमण्यम ने लॉन्च के अवसर पर कहा कि यह उत्पाद ग्राहकों की बदलती सुरक्षा जरूरतों के साथ निरंतर आगे बढ़ता है और परिवारों को मानसिक शांति प्रदान करने में अहम भूमिका निभाएगा। यह योजना दो विकल्पों में उपलब्ध है, जिसमें लेगेसी प्लान के तहत 99 वर्ष तक बढ़ता हुआ होल लाइफ कवर मिलता है, वहीं लेगेसी प्लस विकल्प में बढ़ते कवर के साथ प्रीमियम वापसी की सुविधा भी शामिल है। इसके अतिरिक्त, उत्पाद में लाइलाज बीमारियों के कवरेज, एक्सीडेंटल डेथ बेनिफिट और गंभीर बीमारियों के लिए विशेष लाभ दिए गए हैं।

## अटकलों पर विराम..........एआई इम्पैक्ट समिट में शामिल हो रहे बिल गेटस

**नई दिल्ली ।** भारत में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बिल गेटस शामिल होने वाले है। उनके प्रवक्ता ने मंगलवार को यह साफ कर उनकी भागीदारी को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लगा दिया। इसके पहले ऐसी खबरें सामने आई थीं कि दिल्ली में चल रहे एआई समिट में गेट्स शामिल नहीं हो रहे हैं, क्योंकि कथित तौर पर उनका नाम कार्यक्रम की 'ग्लोबल विजनरीज' सूची से गायब था। हालांकि, अब आधिकारिक पुष्टि के बाद यह साफ हो गया है कि वे सम्मेलन का अहम हिस्सा बनने वाले है। इस बीच, गेट्स ने आंध्रप्रदेश के तेज विकास की सराहना की। अमरावती यात्रा के बाद उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता और आधुनिक प्रौद्योगिकी के माध्यम से राज्य की प्रगति को गति मिलते देखना उत्साहजनक है। उन्होंने पोस्ट कर मुख्यमंत्री एन.चंद्रबाबू नायडू को गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए धन्यवाद दिया। गेट्स ने स्वास्थ्य, कृषि और शिक्षा के क्षेत्रों में राज्य द्वारा अपनाए जा रहे नवाचारों की विशेष प्रशंसा की। सोमवार को बिल गेट्स ने राजधानी क्षेत्र में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उन्होंने मुख्यमंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठकें कीं, तकनीक आधारित शासन पहलों की समीक्षा की तथा गुंटूर जिले के उंडावल्ली गांव में कृष्णा नदी के किनारे स्थित एक केले के बागान का दौरा भी किया। यह शिखर सम्मेलन ग्लोबल साउथ में आयोजित पहला अंतर्राष्ट्रीय एआई समिट है। 70,000 वर्ग मीटर में फैले 10 एरेना में आयोजित इस एक्सपो में 13 देशों के पवेलियन शामिल हैं, जो एआई पारिस्थितिकी तंत्र में वैश्विक सहयोग को प्रदर्शित कर रहे हैं। सम्मेलन को नीति, नवाचार और व्यापक कार्यान्वयन के लिए एक राष्ट्रीय मंच के रूप में देखा जा रहा है।

# ब्रोक्रेज फर्म ने क्यों कहा...........ओल इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के शेयर बेचकर निकल जाएं

**मुंबई ।**

अगर आपके पास ओल इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के शेयर हैं, तब उन शेयरों को बेचकर निकलने जाने में ही भलाई है। ऐसा हम नहीं कह रहे, बल्कि यह राय ब्रोक्रेज फर्मों ने दी हैं। ब्रोक्रेज फर्मों ने ओला इलेक्ट्रिक पर अपनी रेटिंग घटाकर बाय से सेल कर दी है और अपने प्राइस टार्गेट में 51 प्रतिशत की कटौती कर 55 से घटाकर 27 रुपये कर दिया है। एक अन्य बाजार जानकार फर्म ने सबसे कम 20 रुपये का प्राइस टार्गेट दिया है। बता दें ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के शेयरों में मंगलवार, 17 फरवरी को शुरुआती कारोबार में 3 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखी गई, जो लगातार चौथे सत्र में जारी रही। पिछले छह कारोबारी दिनों में से केवल एक दिन ही इस स्टॉक में तेजी रही है। कंपनी के शेयर अब अपने 52-सप्ताह के निचले स्तर के आसपास मंडरा रहे हैं, और पिछले दो महीनों में इनमें 22 प्रतिशत की गिरावट आई है।

रिपोर्ट के मुताबिक हाल ही में ब्रोकरेज फर्मों द्वारा रेटिंग घटाए जाने से कंपनी पर दबाव और बढ़ गया है। ब्रोकेज ने भारत के दोपहिया वाहन सेगमेंट में इलेक्ट्रिक वाहनों की पैठ उम्मीद से धीमी होने का हवाला दिया है।




उनका कहना है कि पेट्रोल वाहनों पर जीएसटी कटौती ने कीमतों के अंतर को कम किया है, जिससे विद्युतीकरण की रफ्तार धीमी हुई है।= ब्रोक्रेज फर्मों ने सेवा से जुड़ी चुनौतियों, कड़ी प्रतिस्पर्धा और कमजोर ग्राहक धारणा के कारण कंपनी के बाजार हिस्सेदारी खोने का भी जिक्र किया। नकारात्मक परिचालन लाभ के चलते दिसंबर तिमाही (क्यू 3) का प्रदर्शन भी अनुमान से कम रहा। हालांकि, ब्रोकरेज ने बेहतर होते सकल मार्जिन और बेहतर परिचालन लाभ बढ़ाने की संभावना को स्वीकार किया, लेकिन साथ ही आगाह किया कि प्रबंधन के उत्पाद और सेवा की गुणवत्ता सुधारने के प्रयासों को नतीजे दिखाने में समय लग सकता है।

